दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 24 सीकर, रविवार 22 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8






## जयपुर में गणगौर की शाही सवारी ने रचा वैभव का इतिहास
### 210 लोक कलाकारों और 32 लवाजमों के साथ सजी शोभायात्रा

जयपुर।

जयपुर की सड़कों पर शनिवार को गणगौर महोत्सव 2026 की शाही सवारी ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा शहर लोक संस्कृति, आस्था और सांस्कृतिक वैभव में डूबा नजर आया। जयपुर के सिटी पैलेस परिसर से सांय 5:45 बजे रवाना हुई सवारी के आगे बढ़ने के साथ जनसैलाब भी उमड़ता गया और गुलाबी नगरी में गणगौर उत्सव जीवंत हो गया।

#### पालकियों में विराजी गणगौर माता के हुए दर्शन

नगाड़ों की गूंज, शहनाई की मधुर तान और गौर माता की जय के जयकारों के बीच सजी-धजी पालकियों में विराजी गणगौर माता के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

#### गणगौर माता की सवारी का पुष्पवर्षा कर स्वागत

त्रिपोलिया गेट से लेकर छोटी चौपड़ और गणगौरी बाजार तक सवारी के मार्ग पर छतों, बालकनियों और सड़कों पर खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

#### कैमरों में कैद करते नजर आए देसी-विदेशी पर्यटक

गणगौर माता की सवारी निकलते समय अद्भुत झलकियों को देखकर जयपुरवासी आनंद विभोर हो गए। उत्साहित दर्शकों के साथ देसी-विदेशी पर्यटक भी इस अद्वितीय सांस्कृतिक आयोजन को मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए।

**लोक कलाकारों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा**–शोभायात्रा में शामिल 210 लोक कलाकारों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। कच्छी घोड़ी, गैर, कालबेलिया, चरी और घूमर जैसे लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं रावणहत्था, भपंग और शहनाई की धुनों ने पूरे वातावरण को सुरमयी बना दिया।

**32 पारंपरिक लवाजमों सुसज्जित भव्य सवारी**–इस बार 32 पारंपरिक लवाजमों की भव्य मौजूदगी ने सवारी को और भी आकर्षक बना दिया। सुसज्जित हाथी, ऊंट दल, घोड़े, विक्टोरिया कैरिज और विभिन्न बैंडों की धुनों के बीच पहली बार शामिल शंकर बैंड ने खास आकर्षण पैदा किया। सवारी के गणगौरी बाजार पहुंचते ही पूरा इलाका लोक उत्सव के चरम पर नजर आया। महोत्सव का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका लाइव प्रसारण भी रहा, जिसके माध्यम से देश-विदेश में बसे राजस्थानियों ने इस भव्य आयोजन को रियल टाइम में देखा।

**रविवार को निकलेगी बूढ़ी गणगौर की सवारी**–अब रविवार को बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी के साथ यह महोत्सव अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार सवारी शाम 5:45 बजे सिटी पैलेस से रवाना होकर पारंपरिक मार्ग त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़ और गणगौरी बाजार से गुजरते हुए तालकटोरा/पोंड्रिक पार्क तक पहुंचेगी।




## मिडिल ईस्ट के हालात का असर, जयपुर में सादगी के साथ अदा हुई ईद की नमाज

जयपुर।

राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी जयपुर में इस बार ईद का त्योहार सादगी और गंभीरता के साथ मनाया गया. शहर की ईदगाह, जामा मस्जिद और अन्य मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली. ईदगाह में एक साथ करीब एक लाख लोगों ने नमाज अदा की. नमाज के दौरान हर तरफ अमन और भाईचारे का माहौल नजर आया.

**फूलों की बारिश से हुआ स्वागत**–ईद के मौके पर एक खास तस्वीर भी देखने को मिली, जब बहुसंख्यक समुदाय के लोगों ने नमाजियों पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर उनका स्वागत किया. इस पहल ने आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया. नमाजियों ने भी इस प्रेम और सम्मान के लिए आभार जताया.

**मिडिल ईस्ट के हालात का दिखा असर**–इस बार ईद की नमाज पर मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर भी साफ दिखाई दिया. नमाज के दौरान दी गई तकरीर में ईरान के हालात का जिक्र किया गया. वहां के पीड़ित और परेशान लोगों के लिए विशेष दुआ की गई. कई लोगों ने इस दुख को जताने के लिए काले कपड़े पहन रखे थे.

**सादगी के साथ मनाई गई ईद**–जयपुर में ज्यादातर लोगों ने इस बार ईद सादगी के साथ मनाई. कई लोगों ने नए कपड़े नहीं पहने और न ही पारंपरिक तरीके से घरों में सेवइयां बनाई गईं. लोगों का कहना है कि मौजूदा हालात को देखते हुए उन्होंने सादगी से त्योहार मनाने का फैसला किया.



## सीकर समेत 3 जिलों में बारिश, सर्दी लौटी
### तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट, मार्च के आखिरी दिनों में गर्म रहेगा मौसम

जयपुर।


राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद जैसलमेर-श्रीगंगानगर में बरसात हुई। रात को सीकर में भी बारिश हुई। इससे पहले वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से शुक्रवार को जयपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। बारिश, ओलावृष्टि के साथ चली ठंडी हवा से कई शहरों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिर गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में अब रविवार से मौसम साफ रहने और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने के साथ एक बार फिर गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। बदले मौसम के कारण अलवर सहित कई शहरों में आज सुबह धुंध रही। इस कारण विजिबिलिटी 30 मीटर से कम रही।

#### नोखा में 1 इंच बारिश

पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे ज्यादा बरसात बीकानेर के नोखा एरिया में 25रूरू(1 इंच) दर्ज हुई। बीकानेर में देर रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक रूक-रूक कर कई इलाकों में बारिश हुई, जबकि कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। बारिश होने और बादल छाने से शुक्रवार को जयपुर में अधिकतम तापमान गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर में शुक्रवार सुबह बारिश हुई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवा चली। अजमेर में अधिकतम तापमान 26.6, भीलवाड़ा में 27.4, वनस्थली (टोंक) में 31.1, कोटा में 28.9, चित्तौड़गढ़ में 29.6, उदयपुर में 28, डूंगरपुर में 28.9, सिरोही में 24.5, करौली में 24.9 और दौसा में 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### कोबरी-सार




## राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई : मोहन यादव




जयपुर।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा- राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों के बीच सहयोग से विकास की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। मुख्यमंत्री यादव ने बताया- पार्वती, कालीसिंध और चंबल रिवर लिंक प्रोजेक्ट दोनों राज्यों के साझा विकास की महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे जल प्रबंधन, कृषि और औद्योगिक विकास को बड़ा लाभ मिलेगा। निवेश केवल पूंजी का आगमन नहीं है, बल्कि इससे रोजगार सृजन, कौशल विकास और तकनीकी साझेदारी को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश अब स्पष्ट नीतियों, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत प्रशासन के कारण निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन चुका है। जयपुर में मध्यप्रदेश सरकार का इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट रोड शो आयोजित किया गया, जिसमें मोहन यादव ने उद्योग जगत के सामने राज्य की निवेश नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक संभावनाओं को प्रस्तुत किया।

# शुभम डंडोरिया बने एनएसयूआई जयपुर जिला उपाध्यक्ष

## नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने संगठन का विस्तार करते हुए शुभम डंडोरिया को जयपुर जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। शुभम की इस नियुक्ति पर छात्र राजनीति और सामाजिक क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है।

### विनोद जाखड़ के भरोसेमंद सिपाही

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष शुभम डंडोरिया को एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का बेहद करीबी और खास माना जाता है। शुभम लंबे समय से छात्र हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं और कैंपस में छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर खड़े रहते हैं।

### राजकमल धारीवाल ने जताई खुशी

इस नियुक्ति पर सामाजिक कार्यकर्ता राजकमल धारीवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज के युवा आज न केवल शिक्षित हो रहे हैं। बल्कि सर्व समाज के कल्याण के लिए भी बढ़-चढ़कर कार्य कर रहे हैं। वाल्मीकि समाज के युवाओं को शुभम जैसे नेतृत्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज के युवाओं को मुख्यधारा की राजनीति जाजम पर बैठाना आज समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि शुभम की यह नियुक्ति समाज के लिए गर्व का विषय है।

### शुभम डंडोरिया का संकल्प

अपनी नियुक्ति पर शुभम डंडोरिया ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे तथा छात्र शक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शुभम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अस्पताल में लापरवाही का आरोप, कुत्ते के काटने से घायल मासूम तड़पती रही

## इलाज से पहले आधार कार्ड मांगने का आरोप, अस्पताल प्रशासन ने किया बचाव

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** राजकीय उप जिला अस्पताल, सरदारशहर से लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कुत्ते के काटने से घायल 3 वर्षीय मासूम बच्ची के इलाज में देरी का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार मेलुसर गांव निवासी विजय कस्वा अपनी बेटी चित्रा को लेकर शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे। बच्ची के गाल पर कुत्ते ने काट लिया था और वह दर्द से कराह रही थी। परिजनों का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टर संदीप बिजारणिया उस समय मोबाइल फोन में व्यस्त थे और उन्होंने तुरंत उपचार शुरू नहीं किया। पीड़ित पिता विजय कस्वा ने बताया कि डॉक्टर ने उन्हें इंतजार करने के लिए कहा और बाद में इलाज से पहले आधार कार्ड लाने की बात कही। आरोप है कि दस्तावेज के अभाव में इलाज शुरू नहीं किया गया, जिसके चलते बच्ची करीब एक घंटे तक दर्द से तड़पती रही।

परिजनों का कहना है कि उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड किया है। परिजनों ने मांग की है कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का पहले उपचार किया जाना चाहिए और कागजी प्रक्रिया बाद में पूरी की जानी चाहिए। वहीं, अस्पताल प्रभारी डॉक्टर चंद्रभान जांगिड़ ने डॉक्टर का बचाव करते हुए बताया कि उस समय इमरजेंसी में एक गंभीर सड़क दुर्घटना का मामला भी आया हुआ था, जिसके कारण डॉक्टर व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि बाद में बच्ची का उपचार कर दिया गया। फिलहाल यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली और इमरजेंसी प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# ट्रस्ट के सदस्यों ने किया गोशाला का अवलोकन, व्यवस्थाओं की सराहना की



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र की प्रमुख पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला में परमहंस चैरिटी ट्रस्ट मुंबई के सदस्य अरुण केडिया ने गोशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा गौसेवा कार्यों की सराहना की। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया ने बताया कि इस दौरान इन्होंने गोशाला में चल रही गौवंश की देखभाल, चारे-पानी की व्यवस्था, साफसफाई और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला प्रबंधन से बातचीत करते हुए कहा कि गौसेवा एक पुण्य कार्य है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सहयोग देना चाहिए। गोशाला में बेहतर व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने संतोष जताया तथा भविष्य में और सुधार के लिए सुझाव भी दिए। इस मौके पर गोशाला समिति के सदस्यों ने इनका स्वागत करते हुए गोशाला की गतिविधियों और जरूरतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ट्रस्ट के सहयोग की आवश्यकता जताई। साथ ही समाज के भामाशाहों से गोसेवा में आगे आकर सहयोग करने की अपील की। इस दौरान विनोद कुमार शाह, नन्दकिशोर स्वामी, अनिल कुमार सिहाग, विजयपाल सिंह शेखावत, हनुमान सिंह बुगालिया, विजय सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के दूसरे लगी 7 लाख 11 हजार आहुतियां

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कालाकोटा के 700 वर्षों के प्राचीनतम दाऊधाम में परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज संत के सानिध्य एवं भोलाशंकर महाराज एवं विनोद दास महाराज के कुशल निर्देशन में चल रहे 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाकर आशीर्वाद लिया तथा सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। यज्ञाचार्य पं. चिरंजीवी शास्त्री के आचार्यत्व में यजमान जोड़ो ने 7 लाख 11 हजार आहुतियां दी। प्रधान कुंड पर संत बलदेव दास महाराज, वृंदावन के श्रीजी महाराज, विनोद दास महाराज, भोलाशंकर दास महाराज, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, डॉ. मंगल यादव, मोनिका यादव ने आहुतियां दी। वृंदावन के श्री जी महाराज ने श्रीकृष्ण भगवान की लीला के बारे में तथा राधा रानी के भाव के बारे में बताया । उन्होंने बृज भाषा में राधा-रानी का भजन सुनाकर यजमान जोड़ों को आशीर्वाद दिया। महायज्ञ में चल रही रास लीला में भगवान श्रीराम के जन्म का चित्रण किया गया। बताया गया है कि गुरुवार 19 मार्च को विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस महायज्ञ में संत महात्माओं, भक्तगणों श्रृद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों का जबर्दस्त जमावड़ा देखने को मिला। कलश यात्रा में संत महात्माओं की आकर्षक शोभायात्रा हाथियों पर विराजमान होकर निकाली गई जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ड्रोन से हुई पुष्प वर्षा ने कलश यात्रा को और अधिक आकर्षक बना दिया। कलश यात्रा दाऊधाम स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर नंदी गौशाला होते हुए कालाकोटा गांव के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई यज्ञशाला तक पहुंची। जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए शर्बत और ठंडे पानी की सुंदर व्यवस्था व्यवस्था देखने को मिली। यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीव शास्त्री की टीम के 251 विद्वान पण्डितों ने महायज्ञ का बीड़ा उठा रखा है जिनमें से 108 विद्वान पण्डित तो श्री गोपाल सहस्त्रनामावलीमें व्यस्त रहेंगे और बाकी के विद्वान पण्डित यज्ञ कार्य में जुटे रहेंगे। ब्रह्म पण्डित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि प्रधान कुण्ड पर परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज विराजमान रहेंगे जिसमें आगंतुक संत महात्मा, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग आहुतियां देंगे। महायज्ञ के पहले पहले दिन कलश यात्रा में श्रीमाधोपुर विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी अपने लवाजमे के साथ पंहुचे थे। कलश-यात्रा में खेमजी धाम के भींवादास महाराज, धना पीठाधीश्वर, निमोद के किशनदास महाराज, निंबार्क रतन मनोहरशरणदास महाराज, दिवराला के किशनदास महाराज, कुंडा धाम के प्रहलाद दास महाराज, भारुपुरा धाम के बनवारीदास महाराज, सीताराम धाम टोडा के रामस्वरूप दास महाराज, लीलका धाम के रामदास महाराज, झड़ाया के सीताराम दास महाराज, खेड़ा धाम के रतिराम दास महाराज एवं दरीबा के दादा गुरु ब्रह्मदास महाराज प्रमुख रुप से शामिल रहे। इसके अलावा सांवलपुरा के दीपक पण्डित, टोडा चीपलाटा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, रघुवीर पटेल, भामाशाह पालेराम हरियाणा, ताराचंद गुर्जर, मुकेश गुर्जर, निवास गुर्जर, संदीप यादव गुड़गांव, पूरणमल रतलाम, ग्राम पंचायत प्रशासक गजानंद गुर्जर, सीताराम यादव, कानाराम गुर्जर कालाकोटा, सांवताराम कसाना, डॉ सीताराम कसाना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे। भागवत कथा में किया वाचन महायज्ञ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक भोलाशंकर दास महाराज ने भागवत हात्म्य, शुक्र आगमन का चित्रण किया। कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा सुनने से पापों का नाश होता है वहीं मन की शांति, पितरों की शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भागवत कथा सुननी चाहिए। चिकित्सा शिविर आयोजित महायज्ञ में चल रहे चिकित्सा शिविर में 200 लोगों का उपचार किया।

टोडा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम महायज्ञ में अपनी सेवाएं दे रहे है। आयोजन में आए श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर ऑडिशन में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

## कैटवॉक से लेकर डांस-सिंगिंग तक दिखा टैलेंट

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश के प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज राजस्थान ग्लैमर 2026 के ऑडिशन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें करीब 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजक चिराग चौधरी और राकेश कुमार ने बताया कि ऑडिशन में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने ब्लैक वन पीस ड्रेस कोड में भाग लिया। प्रतिभागियों ने कैटवॉक के साथ.साथ डांस, सिंगिंग और मिमिक्री के जरिए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। चयनित सेमीफाइनलिस्ट्स के लिए तीन दिवसीय विशेष ग्रूमिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा पोर्टफोलियो शूट, टैलेंट राउंड, योगा, मेडिटेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और स्टाइलिंग से जुड़े पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 11 अप्रैल को जयपुर स्थित रामाज रिसॉर्ट में आयोजित होगा। ऑडिशन के दौरान सुपर मॉडल ज्योति पुनिया, सीनियर मॉडल मिताली व्यास और सावित्री रिजॉर्ट पुष्कर के जनरल मैनेजर जसवेंद्र सिंह जूरी मेंबर के रूप में मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। इस आयोजन में विभिन्न मीडिया और ब्रांड पार्टनर्स जुड़े हुए हैं। आयोजन से जुड़ी हस्तियों में मोहित तिवारी, हैप्पी सिंह टाक और विकास महावर भी शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार यह पेजेंट राजस्थान की उभरती मॉडल्स और प्रतिभाशाली महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जहां वे अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा को निखार सकें।

# ईद की नमाज अदा कर खुदा की इबादत में नवाये शीश



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर में ईद के मौके पर शनिवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने श्री कृष्ण गौशाला श्रीमाधोपुर के पास स्थित ईदगाह में नमाज अदा कर ईद की मुबारक बाद दी। मौलाना इब्राहिम ने नमाज अदा कराई। रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी। नमाज के बाद ईदगाह से बाहर आकर आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर भाजपा नेता श्याम चौधरी, पूर्व पार्षद मदन चौहान एसाबिर लुहार, हाजी मकसूद, हाजी रफीक, गरीबूदीन कुरैशी, कल्लू लोहार, बुंदू खान, अमरुद्दीन मास्टर, याकूब, हनीस कुरैशी, फैनुद्दीन कुरैशी, सलीम, आमिर कुरैशी सहित अलग-अलग संगठनों के लोगों ने मुस्लिम भाइयों के गले लगकर मुबारकबाद दी। याकुब कुरैशी ने बताया कि ईदगाहों से घर लौटे तो घरों में मेहमाननवाजी का दौर शुरू हुआ। सभी ने मीठी सेवईयों के साथ लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। कानून व्यवस्था के लिए थानाधिकारी महेन्द्र सिंह पुलिस जाप्ते के साथ मौजूद रहे।

# उप जिला अस्पताल में 15 सेंटीमीटर की गांठ का सफल ऑपरेशन





निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** राजकीय उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा सेवाओं में नई मिसाल पेश की है। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया शेखावत के नेतृत्व में 65 वर्षीय महिला की अंडेदानी में बनी करीब 15 सेंटीमीटर की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। जानकारी के अनुसार महिला लंबे समय से पेट दर्द और भारीपन की समस्या से जूझ रही थी। जांच में अंडेदानी में बड़ी गांठ का पता चलने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों ने निजी या बड़े मेडिकल कॉलेज के बजाय स्थानीय अस्पताल में ही उपचार कराने का निर्णय लेते हुए चिकित्सकों पर भरोसा जताया। सामान्यत: इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन उच्च स्तरीय मेडिकल संस्थानों में किए जाते हैं, लेकिन डॉ. प्रिया शेखावत ने अपने अनुभव और टीम के सहयोग से स्थानीय स्तर पर ही सर्जरी करने का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान करीब 15 सेंटीमीटर की गांठ को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और मरीज की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। इस सफलता से अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। इस ऑपरेशन में डॉ. संदीप बिजारणियां, ओटी इंचार्ज ओमप्रकाश वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर दौलत सुंडा, नर्सिंग ऑफिसर रेणु चौधरी तथा वार्ड बॉय नदीम का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने चिकित्सकीय टीम की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।

# नशा मुक्त जनजागरूकता साइकिल यात्रा ने युवाओं को नशे के खिलाफ संकल्प दिलवाया

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083 के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम में संत श्री नारायण दास यूथ मंडल स्टेट अवॉर्डी एवं एक दिन गांव के लिए अभियान अजीतगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नशा मुक्त जनजागरूकता साइकिल यात्रा को होटल नारायण पेलेस से शुरू होकर थाने के पास गीतांजलि हॉस्पिटल में सम्पन्न हुई। यहां पुलिस अधिकारियों व चिकित्सकों ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में युवाओं को जानकारी दी। जानकारी मुताबिक भारतीय नववर्ष सप्ताह में 19 से 21 तीन दिवसीय नशा मुक्त जनजागरूकता साइकिल यात्रा को सुबह 5:30 बजे शाहपुरा रोड स्थित होटल नारायण पैलेस से यात्रा शुरू हुई, जो शहर के जनता कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, गुरुकुल कॉलोनी, बसंत विहार में लोगों को नशे के प्रति संकल्प दिलवाया तथा नशा मुक्त अजीतगढ़ का संदेश पत्र वितरित किए। यात्रा का समापन थाने के पास गीतांजलि हॉस्पिटल पर किया गया। इस मौके पर पुलिस एएसआई नेकीराम ने कहा कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहना चाहिए, युवा पीढ़ी को नशा मुक्त रहने का संकल्प लेकर अपने आसपास नशे की संदिग्ध गतिविधि व संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस को दे। डॉ. मंगल यादव ने कहा कि नशा एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर रहा है। वर्तमान समय में सर्वाधिक नशा युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रहा है, जिससे राष्ट्र की पीढ़ी खराब हो रही है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूरी बनाए रखनें का सन्देश दिया। एएसआई नेकीराम, डॉ. मंगल यादव ने नशा मुक्त जनजागरूकता साइकिल यात्रा की सराहना की तथा युवाओं को इस यात्रा के सन्देश को जीवन में उतारने की बात कही। समाजसेवी श्याम यादव ने युवाओं को गाय का दूध पिलाकर नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083 की खुशी मनाई तथा नववर्ष को नशे से मुक्त करने व देशी गौवंश के संरक्षण का सन्देश दिया। इस दौरान क्षेत्रीय विकास परिषद प्रवक्ता, डवोकेट विक्रम सिंह बांकावत, समाजसेवी श्याम यादव, नरेंद्र मिश्रा, एकेडमी कोच अनुराग मंगावा, परिषद पूर्व अध्यक्ष जीएल टेलर, बजरंग दल संयोजक कृष्ण योगी, अनिल मिश्रा, कमल फलोड, श्याम सुंदर सेन, पवन कुमावत, पूरण प्रजापत, अक्षय कुमावत, गौरव गुप्ता, संदीप टेलर समेत अनेक युवा मौजूद थे। रविवार को सुबह 5:30 बजे कौशल्यादास मंदिर से रवाना होकर, पारीक मोहल्ला, जगदीश गार्डन के सामने से दिखनी बाजार से सोती मोहल्ला से होकर श्याम मंदिर के सामने से जाकर जोशी ऑयल मिल के पास से गायत्री मंदिर पर समापन होगी।

# जाखल गौशाला में गौमोक्ष धाम का भूमि पूजन व यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण आज

निसं

**जाखल (नवयत्न)।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में गौमोक्ष धाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह 22 मार्च सोमवार को दोपहर 2:15 बजे गौशाला परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में नवलगढ़ के विधायक विक्रम सिंह जाखल मुख्य अतिथि रहेंगे। इस अवसर पर गौशाला के निकट भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया के आर्थिक सहयोग से बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसके अलावा सौंथलिया द्वारा गौशाला को एक पेयजल टैंकर भेंट किया जाएगा। साथ ही सौंथली गौशाला के लिए एक गौ ग्रास सेवा रथ भी भेंट किया जाएगा, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। गौशाला समिति के अनुसार गौ मोक्ष धाम के निर्माण से गौशाला में आश्रित गौवंश को जीवनभर सेवा के साथ-साथ अंतिम समय में भी सम्मानपूर्वक विदाई देने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

# राजस्थान पुलिस में कार्यरत मंगलसिंह राजवी की एएसआई पद पर हुई पदोन्नति, माता-पिता से वर्दी पर लगवाया स्टार

निसं



मंगलसिंह राजवी ने एएसआई बनने पर अपने पिता रतनसिंह राजवी और माता प्रेम कंवर से अपनी वर्दी पर स्टार लगवाया और

**सरदारशहर (नवयत्न)।** सरदारशहर के मितासर गांव निवासी मंगलसिंह राजवी जो वर्तमान में चुरु पुलिस लाइन में पद स्थापित है। मंगलसिंह राजवी पिछले 26 वर्षों से राजस्थान पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब मंगल सिंह राजवी का हेड कांस्टेबल पद से एएसआई पद पर पदोन्नति हुई है। अपने माता-पिता से आशीर्वाद लिया। एएसआई मंगलसिंह राजवी के पिता रतनसिंह राजवीर और माता प्रेम कंवर ने वर्दी पर स्टार लगाकर अपने बेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और एएसआई बनने की बधाई दी। वही आपको बता दे की एएसआई मंगल सिंह राजवी वर्तमान में चुरु पुलिस लाइन में पदस्थापित है और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई स्पेशल टीम में शामिल है। एएसआई मंगल सिंह राजीव द्वारा अब तक कुल 350 से ज्यादा फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमे कई बड़े हिस्ट्रीशीटर अपराधी और इनामी आरोपी शामिल है। एएसआई मंगलसिंह राजवी को उनके कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।

# पीएमश्री विद्यालय में हुआ एनएसएस शिविर का समापन

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का समापन प्रधानाचार्या डॉ. मधु चौधरी द्वारा पांच पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया। इस अवसर पर उन्होंने एनएसएस की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चन्द कुमावत द्वारा सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्टॉफ सदस्य रामचंद्र यादव, ओमप्रकाश गुर्जर, धनाराम जाट, सरोज, रामजीलाल सैनी, भूपेंद्र योगी उपस्थित रहे।

# मस्जिदों में ईद का त्योहार बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के मस्जिदों में ईद का त्योहार बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुसलमान भाईयो ने ईद की नमाज अदा कर देश मे अमन चैन की दुआ की गई। नमाज के बाद एक दूसरे के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, निवर्तमान पार्षद राजकुमार चेजारा, रमेश दर्जी, नागर पचलँगिया, ओमप्रकाश विर्ख, आरिफ भाटी ने भी मुसलमान भाईयो को ईद की मुबारकबाद दी।

# तारानगर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर क्षेत्र में ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, सुख-शांति व भाईचारे की कामना की। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों की कब्र पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें याद किया। विधायक नरेंद्र बुडानिया ने कार्यकर्ताओं के साथ कब्रिस्तान पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इसी प्रकार भाजपा नेता राकेश जांगिड़, युवा नेता पराक्रम राठौड़, जमरदिन तेली, अनूप खंडेलवाल, मो. तैयब, अयूब पटवा आदि जनप्रतिनिधियों ने भी कब्रिस्तान पहुंचकर मुसलमान के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। धीरवास बड़ा गांव में पुराने कब्रिस्तान बस स्टैंड ईदगाह में मौलवी सलीम मेवाती ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की नमाज अदा करवाई। समाजसेवी मो. सलीम ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

# बड़ाऊ में ईद और गणगौर पर हिन्दू मुस्लिम में भाईचारे की मिसाल



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बड़ाऊ में आज ईद और गणगौर के त्योहार पर गांव में हिन्दू मुस्लिम एकता भाईचारा के साथ मनाया सुबह ईद के त्योहार पर सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारकबाद की बधाई शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभी हिन्दू मुस्लिम समाज के लोगो को ईद की खीर खिलाकर मुबारकबाद दी तथा शाम को गणगौर की सवारी फतेह सिंह पूर्व सरपंच के घर से निकाली गई जिसमे मुस्लिम समाज के लोगों ने सभी को गणगौर की बधाई दी तथा गणगौर की सवारी में शामिल हुए।

### बड़ाऊ में सभी त्योहारों पर

हिन्दु और मुस्लिम समाज के लोग आपस में मिल जुल कर मनाते है इस अवसर पर कप्तान घीसूसिंह, इन्द्र सिंह, फतेहसिंह बड़ाऊ, सब्बीर खान नबील खान शमशेर खान जैनप्रकाश शर्मा तौफीक खान यासक अली इस्पाक जमील दलीप सिंह राम सिंह विजय सिंह सुशील शर्मा सुल्तान फोजी प्रदीप सिंह आनंद सिंह बिजेन्द्र सिंह हिम्मत सिंह रघुवीर सिंह किशन गुर्जर बाबूलाल गुर्जर शामिल हुए।

# भाईचारे के साथ मनाई ईद, गले मिलकर दी एक-दूसरे को मुबारकबाद



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा कस्बे व केसीसी टाउनशीप में ईद उल फितर का त्यौहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। शुक्रवार देर शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। केसीसी टाउनशीप व गोठड़ा कस्बे में स्थित मस्जिद में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगी। देर शाम तक लोगों के गले मिलने का और एक दूसरे को दुआ देने का दौर चलता रहा। हिंदू-मुस्लिम का विभेद मिटाते हुए मुबारकबाद दी गई। रजनीश सिंगड़, समाज सेवी बबलू अवाना, नरेंद्र स्वामी, अब्दुल रसीद, चरणसिंह, नासीर, आकाश कुल्हरी, खालिद, जितेंद्र सोनी, रमेश पांडे, अनील बोहरा, धुकलराम कुमावत, भंवर अली, रेहान, फेजान, आसिफ, आदि ने ईद की बंधाई दी।

# गणगौर पर्व की धूम, युवतियों ने किया सोलह श्रृगार

निसं

**रीगस ( नवयत्न )।** कस्बे सहित आस पास के इलाको में शनिवार को गणगौर पर्व की जबरदस्त धूम रही। घर घर में महिलाओं ने ईसर गणगौर की पूजा अर्चना की। वही अनेक महिलाओं ने गणगौर का उद्यापन किया। महिलाओ ने मिठाई वितरित कर गणगौर की खुशिया मनाई। दिन गर बाजारों में नव विवाहिताओ व महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ती रही। घरों में गौर, गणगौर माता खोल रे किवाडी बाहर खड़ी थारे पूजन वाली, जाउजी जयपुरिय देखूणी गणगौर सहित अनेक लोकगीतों पर महिला, इठलाती नजर आई। वही राजस्थनी परिधान व चुनणी ओढ कर महिलाओं ने गणगौर की पूजा अर्चना की। इससे पहले शुक्रवार को महिलाओं ने सिंजारा मनाया ज्या खूब मिठाइयों का आनन्द उठाया। ससुराल व पीहर पक्ष से आई मिठाइयों व कपडो का मोहल्ले पडोसियों में वितरण किया गया।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 453 मरीजों की जांच, 30 ऑपरेशन के लिए चयनित

## 200 मरीजों को चश्मे वितरित किए



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा बस स्टैंड स्थित डॉ. विकास खुराना हॉस्पिटल में शनिवार को केसीसी प्रोजेक्ट की सीएसआर योजना के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि केसीसी के कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दीपिका खुराना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक मानव संसाधन एस. शिवदर्शी, केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन विपिन शर्मा, डॉ. विकास मौजूद थे। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि केसीसी प्रोजेक्ट सामाजिक दायित्व के तहत समय-समय पर ऐसे जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन करता रहेगा, जिससे जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण आंखों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में समय.समय पर जांच कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आंखों में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लें। डॉ. विकास खुराना ने कहा कि आंखें मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, इसलिए उनकी नियमित जांच आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और उपचार से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने लोगों को आंखों की देखभाल और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। विपिन शर्मा ने बताया कि शिविर में 453 मरीजों की जांच, 30 ऑपरेशन के लिए चयनित किया साथ ही दो सो मरीजों को चश्मे वितरण किए। शिविर प्रभारी घनश्याम ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में कुल 453 मरीजों की आंखों की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क चश्मे व दवाइयां वितरित कर आवश्यक परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. गोपाल राठी, मुन्नालाल जैदिया, बाबूलाल सैनी, राजेंद्र, चेतन सहित अन्य लोगों ने सेवाएं दीं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी को लेकर बैठक



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी को लेकर प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी संतोष अहलवात की अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष हर्षीनि कुल्हरी के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विकास शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, लाखू मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, बुहाना मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, सिंघाना मंडल अध्यक्ष संदीप शास्त्री, पचेरी मंडल अध्यक्ष कृष्ण गुर्जर, कृष्ण यादव, भरत बोहरा, महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, विनोद शर्मा, संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, कविता सैनी, शर्मिला डैला, वीरेंद्र यादव, सत्यनारायण शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजलदेसर में ईद का पर्व धूमधाम से मनाया

## मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा करके देश में खुशहाली की कामना की



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में ईद का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया कस्बे में दो जगह ईद की नमाज अदा की गई। जिसमें ईदगाह में छीम्पा मस्जिद के इमाम मुर्शीद रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। इसी प्रकार कब्रिस्तान के पास बड़ी ईदगाह में मौलाना खलील अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई। मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी एवं देश में सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के व्यक्तियों के घरों में अलग-अलग प्रकार के व्यंजन भी बनाए गए दोनों जगह पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

इस अवसर पर राजलदेसर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जब्बार खोखर, मोहम्मद शरीफ छींपा, पार्षद नबी बख्श, मुंशी खान कलाल बाबू खान कलाल, अब्दुल सत्तार जींदराण, इस्माइल छीम्पा, नसरुद्दीन मनिहार, अब्दुल करीम बख्श खत्री, हामिद चौहान, सायर धोबी सहित मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति मौजूद रहे।

# अनील बोहरा कांग्रेस ओबीसी जिला सीकर प्रभारी नियुक्त

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा निवासी अनील बोहरा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग में सीकर जिला प्रभारी नियुक्त किया। अनील बोहरा को यह जिम्मेदारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी के प्रदेश चेयरमैन हरसहाय यादव ने दी है। अनील बोहरा वर्तमान प्रदेश महासचिव पद पर कार्यरत है। बोहरा को सीकर जिला प्रभारी नियुक्त करने पर समाज सेवी हरीराम गुर्जर, शीशराम, मुकेश अग्रवाल, राकेश, जगदीप यादव आदि ने बंधाई दी।

# कॉपर में निकाली ईसर गणगौर की शाही सवारी

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित राजपूत धर्मशाला में शनिवार शाम चार बजे श्री क्षत्रिय कल्याण समिति के तत्वाधान में गणगौर समारोह धूमधाम से मनाया गया। राजपूत समाज द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से ईसर-गणगौर की साही सवारी निकाली गई।

साही सवारी से पूर्व राजपूत धर्मशाला में सुबह दस बजे ईशर-गणगौर की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर महोत्सवा का शुभारंभ किया गया। राजपूत धर्मशाला से प्रारंभ हुई ईसर गणगौर की साही सवारी जगदंबा मार्केट, सेंट्रल मार्केट, सब्जी मंडी, न्यू मार्केट, प्रथम सेक्टर, राजस्थान स्कूल, सुभाष मार्केट, एनटीए कॉलोनी होते हुए राजपूत धर्मशाला में जाकर संपन्न हुई। नवविवाहिताओं ने ईसर गणगौर की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग के मंगल कामना की। नवविवाहिताएं देर शाम को ईसर गणगौर को बावड़ी में ले जाकर विर्सजन किया। वही सवारी का नव विवाहिताओं व महिलाओं ने जगह-जगह पूजा अर्चना की।



शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए सवारी के साथ पुलिस जाब्ता भी तैनात था। इस मौके पर श्यामसिंह चौहान, रविंद्रसिंह तंवर, विरेंद्रसिंह शेखावत, कर्णसिंह कंवर, गोविंदसिंह तंवर, रामवीरसिंह, भूपेंद्रसिंह, धीरसिंह, विनोद सिंह, शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

# बीएलओ आत्महत्या मामले में नया मोड़ : सुपरवाइजर पर उकसाने का केस

जयपुर (नवयत्न)।


बिंदायका थाना क्षेत्र में चार माह पहले हुए बीएलओ आत्महत्या प्रकरण में नया मोड़ आया है। मृतक के पिता नानगराम जांगिड़ 69 निवासी धर्मपुरा कालवाड़ रोड ने बेटे मुकेश कुमार जांगिड़ 48 की आत्महत्या के लिए सुपरवाइजर को जिम्मेदार ठहराते हुए मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सुपरवाइजर सीताराम बुनकर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआई गोवर्धन सिंह के अनुसार, मुकेश कुमार 16 नवंबर 2025 को बिंदायका फाटक के पास बाइक खड़ी कर रेलवे ट्रैक पर गया और ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# खुदा की बंदगाह में झुके हजारो शीश मागी अमन चैन की दुआ

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** तहसील कार्यालय के पीछे जलदाय विभाग के सामने स्थित इदगाह में हकितमदो ने ईद की नमाज अदा की। इस दौरान हजारों शीश खुदा की बंदगाह में झुक गये। नमाज के बाद हजारों मुस्लिमों ने एक दुसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों में मिठाइयो का दौर चला तथा एक दूसरे को मिठाई का आदान प्रदान कर ईद मनाई। इससे पहले सुबह करीब साढ़े आठ बजे ईदगाह में आस पास के गांवों से भी नमाजी जुट गये। इस दौरान खुदा के सामने हजारो शीश झुक गये। ईद उल फितर की नमाज इमाम जाकिर हुसेन ने अदा करवाई। इस दौरान अमन चैन की दुआ मांगी गई। साथ ही एक दूसरे का सहयोग करने की भी अपील की गई। इस दौरान नमाजियो ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उसमान कयामखानी फकरुद्धिन इमरान मंजूरअली, शकिल इकराम फयाज मुबारिक मशुरी, युसुफ आदि ने बताया कि रमजान रहमो कर्म का महीना होता है। अल्लाह की न्यामत उतरती है। हमें गरीब की मदद करनी चाहिए। इबादत करनी चाहिए अल्लाह सब को बरकत दे।



इस दौरान घरों में सेवइयां बनाई गई तथा एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान युवा विकास मंच व ब्राहमण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द शर्मा, अमित कुमार शर्मा, राकेश कुमार आदि ने ईद की मुबारक दी। ईद की नमाज के समय रींगस थाने का जाब्ता तैनात रहा।

# गणगौर महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ मे गणगौर महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव कुमार गनेडिवाल की ओर से निकाली गई गणगौर मे व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलँगिया की ओर तिलकार्जन कर पूजा अर्चना करवाई गई। ईश्वर गणगौर की सवारी शाही लवाजमे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान घोड़े एवं ऊंट के नृत्य आकषर्ण का केंद्र रहे। शाही सवारी गढ़ के पास से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए लाल कुवा पहुँची। लाल कुवा के फेरे लगाए गए। इससे पूर्व नव विवाहिताओ की ओर से 16 दिन मिट्टी की बनी ईश्वर, गणगौर सहित अन्य प्रतिमाओं का पूजन कर गढ़ के पास विराजमान प्रतिमा के फेरे लगाकर दक्षिणा भेंट की। वही गढ़ के सामने विराजमान ईश्वर एवं गणगौर की प्रतिमा को भरत पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई गई। महिलाओ ने फेरे लगाए। नवविवाहिताओ की ओर से बनाई गई मिट्टी की गणगौर प्रतिमाओं का लाल कुए के फेरे लगाकर विसजर्न की गई। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व मे पुलिस व्यवस्था चाक चौबन्ध नजर आई। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, पबाना निर्वतमान सरपंच विजेंद्र डोटासरा, रमेश टेलर, राजकुमार चेजारा, बैध रामस्वरूप शर्मा, पवन शर्मा, अरविंद चौबे, पवन शर्मा, महेंद्र दादरवाल, विनोद विर्ख, राकेश गुर्जर, महेश डोटासरा, प्रह्लाद चेजारा, गोविंद शर्मा, महेश पसोरिया, रजनीश महला घोडीवारा सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य जन मौजूद रहे।



# हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणगौर उत्सव



निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे में शनिवार को गणगौर महोत्सव की धूम रही । राजस्थान की सबसे लोकप्रिय और महिलाओं की प्रमुख परंपरा गणगौर पूजा यहां हर घर-गली में जोर-शोर से मनाया गया। महिलाएं, युवतियां और लड़कियां पारंपरिक साड़ियों, लहंगों, मेहंदी और चूड़ियों से सजी हुईं, माता गौरी पार्वती की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। गौर तलब है कि गणगौर राजस्थान का प्रमुख त्योहार है, जो चैत्र मास में मनाया जाता है होली के बाद शुरू होकर 16-18 दिनों तक चलता है। यह देवी पार्वती गौरा और भगवान शिव ईसर के प्रेम और वैवाहिक सुख का प्रतीक है। विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र और सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं, जबकि कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना करती हैं। पूजा में मिट्टी या लकड़ी से बनी गणगौर की मूर्ति/प्रतिमा की पूजा, लोकगीत, नृत्य और अंत में शाही सवारी निकाली जाती है। नीमकाथाना में इस साल भी उत्सव की शुरुआत धुलंडी होली के बाद से हो गई थी। यहां घर-घर में पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं, महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर रही हैं, और उत्साह देखते ही बनता है। गणगौर माता की शाही सवारी भी निकाली गई, जहां भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जमुवाय माता व शिला माता मंदिर में की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने नवरात्र के पावन अवसर पर आज जमुवाय माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

इस दौरान उन्होंने माता के दरबार में पूजा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ भी देखने को मिली। जहां उपमुख्यमंत्री ने पूरी श्रद्धा और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा अर्चना की। उन्होंने माता से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर दिया कुमारी ने सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि यह पर्व शक्ति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में नई ऊर्जा का संचार करता है।



जमुवाय माता मंदिर में पूजा के बाद उपमुख्यमंत्री मनसा माता मंदिर और आमेर स्थित शिला माता मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। यहां भी उन्होंने प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।

# बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदल कर निकाले 2.30 लाख रुपए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के खो नागोरियान थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। जहां बदमाशों ने युवक को बातों में उलझाकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से लाखों रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

हेड कांस्टेबल अशोक कुमार के अनुसार 26 वर्षीय रिंकू सैन निवासी पालड़ी मीणा, आगरा रोड जामडोली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह आगरा रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम पर रुपए निकालने गया था। उस समय एटीएम के अंदर पहले से एक व्यक्ति मौजूद था। जैसे ही वह पैसे निकालने लगाए तभी बाहर से एक अन्य व्यक्ति भी एटीएम में आ गया। दोनों आरोपियों ने उसे बातचीत में उलझा लिया। इसी दौरान चालाकी से उसका असली एटीएम कार्ड बदलकर उसे फर्जी कार्ड थमा दिया।

पीड़ित को इसकी जानकारी नहीं हो सकी और बाद में आरोपियों ने उसके एटीएम कार्ड के जरिए खाते से 2 लाख 30 हजार रुपए निकाल लिए। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके।

दैनिक नवयत्न | www.dainiknavyatn.com | Follow us on /dainiknavyatn | सीकर, रविवार 22 मार्च 2026 | 04

## सम्पादकीय

### चिंतित करने वाले हालात, गैस के साथ गहराने जा रहा तेल संकट




अमेरिका-इजरायल और ईरान में घमासान के बीच भारत में जिस तरह प्रीमियम पेट्रोल और उद्योगों में उपयोग होने वाले डीजल के मूल्य बढ़ाने पड़े, उससे यही इंगित होता है कि गैस के साथ तेल संकट भी गहराने जा रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है। यह ठीक है कि अभी सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत हैं, पर यदि खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति इसी तरह बाधित बनी रही तो ऊर्जा संकट और गंभीर हो सकता है। इसका असर आम लोगों के साथ उद्योग-व्यापार जगत पर भी पड़ेगा।

इसके नतीजे में महंगाई भी बढ़ेगी और रोजगार के लिए भी संकट पैदा होगा। यह वह संकट है, जो केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह विश्वव्यापी संकट है और इसीलिए यह आवश्यक हो जाता है कि भारत अन्य देशों के साथ मिलकर उन उपायों की तलाश तेजी से करे, जिससे पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके लिए एक ओर जहां अमेरिका पर भी दबाव डालना होगा, वहीं दूसरी ओर ईरान पर भी, जो उस समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित किए हुए है, जहां से खाड़ी के देश तेल एवं गैस की आपूर्ति करते हैं।

संकट केवल यह नहीं है कि ईरान ने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, बल्कि यह भी है कि वह जवाबी कार्रवाई के तहत खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों के साथ ऊर्जा स्त्रोतों पर भी हमले कर रहा है। इसके चलते तेल एवं गैस के उत्पादन पर असर पड़ा है और इस क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति और अधिक कठिन हो गई है। इस सबको देखते हुए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन में कई देशों की ओर से पेश उस प्रस्ताव में भागीदारी की, जिसका उद्देश्य होर्मुज जल मार्ग खोलने के लिए ईरान पर दबाव बनाना है।

आवश्यक यह है कि भारत इस संगठन का विशिष्ट सदस्य होने के नाते इसके लिए भी प्रयत्न करे कि इस प्रस्ताव के सकारात्मक नतीजे सामने आएं। चूंकि मामला राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक आर्थिक हितों का है, इसलिए भारत को यह भी देखना चाहिए कि क्या होर्मुज से तेल और गैस टैंकरों से लदे जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए संबंधित देश मिलकर अपनी नौसेनाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं?

नौसेनाओं के इस साझा हस्तक्षेप का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि भारत एवं अन्य देश अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में किसी पक्ष का साथ दे रहे हैं या विरोध कर रहे हैं। इस हस्तक्षेप का एक मात्र उद्देश्य वैश्विक आर्थिक हितों की रक्षा हेतु होर्मुज जल मार्ग को समुद्री परिवहन के लिए सुरक्षित बनाना होना चाहिए। चूंकि अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून ऐसे सकारात्मक हस्तक्षेप की अनुमति देते हैं, इसलिए भारत को इसकी संभावनाएं टटोलनी चाहिए।

## विशेष आलेख

# आखिर नफरत भरे भाषण पर कब सजग और सक्रिय होंगे हमारे हुक्मरान

नफरत भरे भाषण, किसी भी सभ्य समाज के लिए वैचारिक कैंसर और सामाजिक एड्स के जैसा जानलेवा है, लेकिन दुनियावी तर्ज पर भारतीय लोकतंत्र में भी यह एक बुनियादी राजनीतिक-सामाजिक फैशन बनता प्रतीत हो रहा है। कोढ़ में खाज यह कि बहुमत की भूखी संसद और उसके इशारे पर कुछ कुछ फैसले लेने के आदी बन चुके सुप्रीम कोर्ट ने आजादी के 8वें दशक में भी विषाक्त बयानबाजियों के खिलाफ कोई कड़ा राष्ट्रवादी स्टैंड नहीं लिया ताकि राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर अनवरत रूप से जारी साम्राज्यवादी वैचारिक हमले की धार कुंद की जा सके! ऐसा इसलिए कि इनकी भी अपनी विवशता है! चूंकि पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले अधिकार संपन्न लोग ब्रितानी नौकरशाही और राजशाही के इशारे पर बने भारतीय संविधान को मानने को अभिशप्त हैं और अपनी व्यवहारिक और मौलिक सोच को ताखे पर रख चुके हैं, इसलिए हर जनतांत्रिक बीमारी लाइलाज हो चुकी है और भारत माता अपनी ही संतानों को निरंतर मुखाग्नि देते देते थककर बूढ़ी हो चली है।

राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया। पहले अखंड भारत को खंडित किया और फिर जाति-धर्म-भाषा की तुष्टीकरण वाले अंग्रेजी कानूनों को हूबहू स्वीकार कर लिया। इससे सामाजिक विखण्ड की प्रक्रिया तेज हुई।

चौंकाने वाली बात तो यह कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए समाजवादियों और राष्ट्रवादियों ने भी जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र से जुड़े जनभावनाओं को भड़काया और बहुमत पाकर सत्ता हथियाया। लेकिन भारतीयों की नीतिगत एकजुटता की बात मील का पत्थर बनकर रह गई। मतलबी सरकारें बदलती रहीं, भारत माता की आत्मा पर अनगिनत प्रहार जारी हैं, लेकिन हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट प्रबुद्ध और सुसंस्कृत भारत के निर्माण की जगह यूरोपीय और अरबी कलह को भारत पर थोपने की मूर्खता प्रदर्शित कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। यह कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि आजाद भारत में गरीबी और अपराध को जातीय चश्मे से देखा जाता है, सवर्ण यानी सामान्य जाती विरोधी कानून बनाये जाते हैं और सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय का जिक्र करते हुए वर्तमान और भविष्य के सवर्ण विरोधी सामाजिक अन्याय किये जाने के निकृष्ट जनतांत्रिक विचारों पर मोहर लगाता है। खासकर भारतीय संविधान से जुड़े संवैधानिक अनुच्छेद (14, 15, 19, 21, स्ष्ट/स्ञ्ज, ष्ह्ल) की तर्क संभाव्यता, आदि) को भी विस्तार से देखने और इनपर पुनर्विचार की जरूरत है।

अन्यथा, देर सबेर सामान्य जातियों के बीच भी संसद और सुप्रीम कोर्ट का अप्रासंगिक होना तय है। यक्ष प्रश्न है कि आखिर बहुमत की राजनीति के लिए समाज को कब तक झुलसाया जाएगा, क्योंकि जब सहिष्णुता के विचार बदलेंगे तो व्यवस्था बदलते देर नहीं लगेगी! चूंकि प्रभावित पक्षों के लिए भारतीय संविधान का पक्षपाती दृष्टिकोण एक ऐसा मटमैला पन्ना है, जो जाति, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र, लिंग आदि में वैधानिक विभेद रचता है और उसे सामान्य जातियों के खिलाफ ऐतिहासिक सामाजिक अत्याचार का प्रतिफल करार देता है। हैरत की बात है कि संविधान जिन लोगों को कानूनी संरक्षण देता है, उनके व्यक्तिगत और सामाजिक उत्पातों पर से भी प्रशासन अपनी आंखें फेर लेता है, यह जमीनी हकीकत है, इसलिए कतिपय सवाल लाजिमी है। बहरहाल, नफरती भाषण सम्बन्धी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड व्यावहारिक है, और संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो काफी संतुलित और सही माना जा सकता है, लेकिन यह बिना विवाद के नहीं है—विशेषकर जातिगत भावनाओं के मामले में। सवाल है कि नफरत भरे भाषण सुप्रीम कोर्ट का रुख क्या था? तो जवाब होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण को अलग से जाति आधारित दंडनीय अपराध घोषित करने की भी याचिका पर विशेष निर्णय देने से इनकार कर दिया और याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने स्पष्ट कहा कि केवल ब्राह्मण ही क्यों, किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण स्वीकार्य नहीं है, यानी एक विशेष जाति को अलग सा हेट स्पीच खंड के तहत नहीं रखा जाना चाहिए। लिहाजा, नेताओं को भी इसी भावना से सख्त कानून बनाना चाहिए।

सवाल है कि आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट का यह स्टैंड तर्कसंगत है? तो जवाब होगा कि भारतीय संविधान और फिलहाल लागू कानून (जैसे दंड संहिता की धाराएँ, आईटी एक्ट, निर्वाचन कानून, आदि) में दंगे, भड़काऊ भाषण और जाति आधारित उत्पीड़न के खिलाफ पहले से ही दंड का प्रावधान है; लिहाजा, कोर्ट ने इन्हीं तंत्रों को इस्तेमाल करने पर ज़ोर दिया, बजाय एक नई जाति विशेष श्रेणी बनाने के। मसलन, न्यायपालिका का यह तर्क रहा कि अगर हेट स्पीच को रोकना है तो वह समुदाय विशेष के लिए नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लिए एक समान और संवैधानिक ढांचे में होना चाहिए, अन्यथा यह न्याय की बराबरी के सिद्धांत के खिलाफ जाएगा। जहां तक आपत्तियाँ और चिंताएँ की बात है तो ब्राह्मण समुदाय के कुछ तबकों का तर्क है कि आज की राजनीतिक और जन चेतना में ब्राह्मणों के खिलाफ घृणा का एक विशेष और संगठित स्तर बना है, इसलिए उसे अलग से चिह्नित कर रोकने की ज़रूरत है; जबकि कोर्ट का रुख उनके अनुभव को सामान्य मानकर छोटा करने जैसा लगता है। इसके उलट, दूसरे तरफ से यह डर भी जताया जाता है कि अगर एक जाति को विशेष तौर पर नफरती भाषण के खिलाफ संरक्षित श्रेणी में रखा जाए, तो इसे राजनीतिक रूप से हथियार बनाया जा सकता है और अन्य पिछड़े या अल्पसंख्यक समुदायों के हेट स्पीच विरोधी बचाव को नरम करने का तर्क भी बन सकता है। संक्षेप में यदि इस स्टैंड पर मूल्यांकन किया जाए तो सैद्धांतिक तौर पर सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड प्राकृतिक न्याय, समानता और घुमावदार राजनीतिक जातिगत हथियारबंदी से बचाव के लिए उचित और संयमित लगता है। हालांकि, व्यावहारिक तौर पर यह यह भी दिखाता है कि नफरती भाषण को रोकना सिर्फ एक जाति की शिकायत से उठकर इस तरह के घृणा विरोधी कानूनों की दृढ़ और निष्पक्ष अमलीकरण तक जाना चाहिए, चाहे निशाना कौन सा समुदाय हो। कहना न होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने अलग अलग समुदायों (खासकर धार्मिक और जातीय) के खिलाफ हेट स्पीच पर लगातार एक ही मूल सिद्धांत बनाए रखा है: धर्म/जाति के आधार पर घृणा फैलाने वाला भाषण अस्वीकार्य है, लेकिन इसका नियंत्रण समान रूप से लागू कानूनों से होना चाहिए, न कि हर समुदाय के लिए अलग अलग राजनीतिक कानूनी व्यवस्था बनाकर। मुसलमान समुदाय के खिलाफ हेट स्पीच: 21 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार और कई राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, जो विशेष रूप से मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरा भाषण देते हैं या भड़काऊ रैलियाँ करते हैं। इस आदेश का मुख्य तर्क था कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती भाषण सम्प्रदायिक तनाव और हिंसा को बढ़ाता है, इसलिए पुलिस और प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरंत स्न्ढ्ढक्र दर्ज करना और जरूरी धाराएँ लगाना चाहिए, उन्हें आम सियासी भाषण की छवि में नहीं ढकना चाहिए।

**अलग अलग समुदायों के लिए समान संरक्षण का सिद्धांत:** एक लंबित और बहु दायर लिटिगेशन में कोर्ट ने जोर दिया है कि हेट स्पीच रोकने के लिए न्यायपालिका हर छोटी घटना पर मौन सुनवाई नहीं कर सकती, बल्कि यह राज्य/पुलिस का काम है; लेकिन यह भी कहा है कि धर्म या जाति के आधार पर नफरत फैलाने वाला भाषण भारत की धर्मनिरपेक्ष ढांचे के खिलाफ है। इस मामले में कोर्ट का तर्क रहा है कि अगर हेट स्पीच को रोकना है, तो वह एक एक जाति/धर्म के लिए अलग याचिका देकर नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लिए एक ही मानक (आईपीसी, चुनाव कानून, आईटी एक्ट आदि) के तहत किया जाना चाहिए; यानी ब्राह्मण, मुसलमान, दलित, आदिवासी—सभी एक समान ढांचे में संरक्षित हों।

**राज्य स्तरीय और राजनीतिक नेताओं के खिलाफ मामले:** 2023 के कुछ आदेशों में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों (जैसे असम, उत्तर पूर्वी राज्य) को निर्देश दिए कि वे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर नफरत फैलाने वाले भाषणों के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करें, चाहे भाषण राज्य मंत्रियों या सामाजिक संगठनों के नेताओं के मुंह से निकले। इन मामलों में कोर्ट ने यह भी जोर दिया कि न्यायपालिका हर छोटी घटना पर नजर रखने की जगह राज्य अपने अधिकार और नैतिक जिम्मेदारी से नफरती भाषण को रोकने के लिए प्रभावी तंत्र बनाएँ, जैसे स॥ऱ्ष्ट या विशेष समितियाँ, बजाय निरंतर जनहित याचिकाओं पर निर्भर रहने के। निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि पहले के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने अलग अलग समुदायों (मुसलमान, अन्य अल्पसंख्यक, धर्मनिरपेक्षता बनाए रखने के लिए अस्पष्ट ग्रुप) के खिलाफ हेट स्पीच को गंभीर लिया है।

## आज का राशिफल

**मेष**
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें।

**मिथुन**
रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी।

**कर्क**
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**सिंह**
मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे।

**कन्या**
स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। प्रमाद न करें।

**तुला**
बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**
भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएँगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें। फालतू खर्च होगा।

**धनु**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा।

**मकर**
लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है।

**कुंभ**
व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी।

**मीन**
प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। पिता से व्यापार के विषय में मतभेद हो सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# चॉकलेट फेस मास्क से चेहरे को बनाएं बेदाग और ग्लोइंग



चॉकलेट खाना बहुत सारे लोगों को पसंद होता है। कई बार मूड बेहतर करने के लिए हम इसे खाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि चॉकलेट मूड बेहतर करने कर साथ-साथ स्किन में ग्लो बढ़ाने और चेहरे को बेदाग करने में भी काम आ सकता है? धूप से होने वाली टैनिंग और मुहांसे के दाग-धब्बों को भी चॉकलेट फेस मास्क कम करता है। चॉकलेट कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जिस कारण से त्वचा पर इसका इस्तेमाल फायदेमंद माना जाता है। आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं। स्किन को बेदाग बनाने के लिए आप चॉकलेट फेस मास्क का प्रयोग कर सकती हैं। यहां सीखें अलग-अलग तरह से चॉकलेट फेस मास्क बनाने का तरीका।

### चॉकलेट और केले का फेस मास्क

केला स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। ये स्किन को पोषण देता है। फेस मास्क बनाने के लिए चॉकलेट, केला, स्ट्रॉबेरी और तरबूज को मिक्सर में लेकर ग्राइंड कर लें। इस मिश्रण को 20 मिनट तक चेहरे पर लगा कर छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरे को वॉश करें। हफ्ते में दो बार आप चॉकलेट केला फेस मास्क को लगा सकती हैं।

**ओट्स और चॉकलेट फेस मास्क :** ओट्स चेहरे के ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है। ओट्स और चॉकलेट फेस मास्क बनाने के लिए कोको पाउडर, ओट्स, क्रीम और शहद को अच्छे से मिक्स करें। ध्यान रखें इस मिश्रण में कोई भी गांठ न रहे। चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए इसे लगाएं। इसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश कर लें। इस फेस मास्क को लगाने से चेहरे पर ग्लो आएगा।

**चॉकलेट और दही फेस मास्क :** इस मास्क को बनाने के लिए चॉकलेट में एक चम्मच दही और एक चम्मच बेसन को मिला लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर मास्क की तरह लगाएं। इस मास्क को गर्दन पर भी लगा सकते हैं। लगाने के 15-20 मिनट बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश कर लें। ये मास्क आपकी स्किन से डेड स्किन और टैनिंग को हटाने में मदद करेगा।

### चॉकलेट और ब्राउन शुगर फेस मास्क

चॉकलेट में नमक, चीनी और दूध डालें। अच्छे से गाढ़ा मिक्सचर तैयार कर लें। इसे चेहरे पर 10 से 15 मिनट लगाकर छोड़ दें। ये त्वचा से डेड स्किन सेल्स हटाने में मदद करेगा। इसके उपयोग से चेहरा ग्लोइंग बनेगा।

### चॉकलेट और शहद

कोको पाउडर में 2-3 चम्मच शहद और कुछ बूंदे नींबू के रस की डालें। इन तीनों को अच्छे से मिक्स करके कुछ देर के लिए छोड़ दें। एक गाढ़ा पेस्ट तैयार हो जाएगा। इसे 15-20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। अंत में नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश कर लें। इसे लगाने के बाद चेहरे में सॉफ्टनेस आएगी।

# चेहरे पर कौन सा तेल लगाना चाहिए? फेस पर मसाज के लिए बेस्ट माने जाते हैं यह ऑयल

अपने बालों को मॉयश्चराइज करने, मजबूत बनाने और हेल्दी रखने के लिए हम ऑयलिंग जरूर करते हैं। कुछ लोग हफ्ते में एक बार, तो कुछ लोग दो बार ऑयलिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं चेहरे की स्किन की मसाज करना भी जरूरी होता है। चेहरे की स्किन पर अधिकतर लोग सिर्फ नारियल का तेल ही लगाते हैं। ऐसे में लोगों के मन में सवाल आता है कि चेहरे पर कौन सा तेल लगाना चाहिए?

### नारियल का तेल

त्वचा को मॉयश्चराइज करने, त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए नारियल तेल का उपयोग सदियों से किया जाता रहा है। नारियल तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लमेटेरी और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। आप अपने चेहरे की सफाई करने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे चेहरे पर जमा सारा प्रदूषण, गदंगी और धूल आसानी से रिमूव हो जाती है। नारियल के तेल से चेहरे की मालिश करने से त्वचा में नमी भी बनी रहती है। साथ ही मुहांसों, दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। नारियल का तेल चेहरे की जलन, रेडनेस को कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए चेहरे को साफ करने के लिए नारियल तेल बेस्ट हो सकता है।

### टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। आप चाहें तो चेहरे पर भी टी ट्री ऑयल लगा सकते हैं। टी ट्री ऑयल से चेहरे



की मालिश करने पर आपकी त्वचा में निखार आने लगेगा। टी ट्री ऑयल में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये त्वचा की कई समस्याओं दूर करने में मदद कर सकते हैं। रोजाना टी ट्री ऑयल से चेहरे की मालिश करने से मुहांसों से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा यह मुहांसों के निशान, दाग-धब्बों को भी दूर करने में असरदार होता है। अगर आपकी त्वचा पर पिगमेंटेशन, एक्जिमा आदि है, तो डॉक्टर की सलाह पर ही इस तेल को लगाएं।

### कैमोमाइल ऑयल

जिस तरह शरीर को आराम देने के लिए कैमोमाइल चाय फायदेमंद होती है। उसी तरह त्वचा को शांत करने के लिए कैमोमाइल ऑयल का उपयोग किया जा सकता है। कैमोमाइल त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होता है। कैमोमाइल तेल से चेहरे की मालिश करने से रेडनेस दूर होती है, साथ ही त्वचा की जलन या इरिटेशन में भी आराम मिलता है। कैमोमाइल ऑयल में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रोजेसिया में असरदार हो सकते हैं. इसके लिए आप अपनी उंगुलियों पर कैमोमाइल तेल की कुछ बूंदें रखें।

# खाली पेट अदरक का पानी पीने से मिलेंगे यह फायदे



### वजन घटाने में मिलती है

खाली पेट अदरक का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म सही काम करता है तो इससे आप दिनभर के सामान्य काम करते समय भी कैलोरी बर्न होती है। जिससे तेजी से फैट बर्न करने में मदद करती है। यह शरीर को नैचुरली डिटॉक्स करने में भी मदद करता है।

अदरक का प्रयोग सिर्फ आपकी चाय और भोजन का स्वाद बढ़ाने में ही मददगार नहीं है, बल्कि सेहत के लिए अदरक के अनेक स्वास्थ्य लाभ भी हैं। अदरक हम में से ज्यादातर लोगों के किचन का एक अहम हिस्सा है। हम सभी किसी न किसी रूप में अदरक का सेवन करते हैं, चाहे वह चाय की बात तो या तरह-तरह के पकवानों की। लेकिन क्या आपने कभी अदरक के पानी का सेवन किया है?

अदरक में शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज और क्रोमियम आदि। जिससे यह सेहत को कई लाभ प्रदान करता है। खासकर यदि आप सुबह खाली पेट अदरक के पानी का सेवन करते हैं।

**डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है :** अगर आप खाली पेट अदरक के पानी का सेवन करते हैं, तो यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है और ब्लड शुगर में स्पाइक से बचाता है। यह डायबिटीज के कारण होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**त्वचा के फायदेमंद है :** शरीर में जमा गंदगी और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं, जो कैंसर जैसे गंभीर रोगों का कारण बनते हैं। त्वचा पर चकत्ते, कील-मुंहासे, एजिंग के लक्षण जैसे झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद मिलता है। यह आपके खून को नैचुरली साफ करने में मदद करता है, जिसकी असर सीधा त्वचा पर देखने को मिलता है।

**सूजन से लड़ने में मददगार है :** शरीर में सूजन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। अदरक एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जिससे यह रोगाणुओं और हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मददगार है, जो सूजन को ट्रिगर करते हैं। क्रोनिक सूजन से लड़ने के लिए अदरक का पानी बहुत फायदेमंद है।

**पेट के लिए फायदेमंद है :** खाली पेट अदरक का पानी पीने से पाचन को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। जिससे यह अपच, कब्ज, ब्लोटिंग, उल्टी-दस्त और मतली जैसी समस्याओं को दूर करने में भी बहुत प्रभावी है।

**कोलेस्ट्रॉल कम होता है :** अदरक का पानी पीने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। जिससे यह हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे रोगों के जोखिम को कम करने में मददगार है और दिल को स्वस्थ रखता है।

# युवाओं की प्रेरणा बनीं आईपीएस ज्येष्ठा मैत्रेयी ने संभाली सवाई माधोपुर की कमान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के आदेशानुसार 2018 बैच की तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने शनिवार को सवाई माधोपुर जिले के पुलिस अधीक्षक एसपी पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताएं ही सवाई माधोपुर पुलिस की प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि टाइगर अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध सवाई माधोपुर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पर्यटकों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष फोकस रहेगा। मध्य



प्रदेश के गुना जिले में जन्मी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन और मेहनत को आधार बनाया। एक ही प्रयास में आईपीएस बनने वाली ज्येष्ठा आज देशभर के प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वे दिल्ली सहित देश के विभिन्न मंचों पर युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देती रही हैं। उनके व्याख्यान केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि जीवन मूल्यों, संघर्ष और आत्मविश्वास का संदेश भी देते हैं। जिले में भी युवाओं व विशेषकर महिलाओं व बच्चियों को मार्गदर्शन प्रदान करने की उनकी मंशा है। सीआईडी सीबी से स्थानांतरित होकर आई ज्येष्ठा मैत्रेयी अपराध नियंत्रण, साइबर क्राइम पर अंकुश, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है, जो उन्हें एक संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में अलग पहचान दिलाता है। पदभार ग्रहण के बाद ज्येष्ठा मैत्रेयी ने कहा कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को समझना और पुलिस तंत्र को मजबूती देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने हर जगह पुलिस की मौजूदगी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को संवेदनशील और जवाबदेह बनाकर त्वरित एवं भरोसेमंद सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। एसपी मैत्रेयी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के विजन के अनुरूप नवीन आपराधिक कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। साथ ही नशा मुक्ति अभियान, सामाजिक जागरूकता और पुलिस परिवार के कल्याण जैसे विषय भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। सवाई माधोपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर पदभार संभालते हुए उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल ही जिले की पहचान को और मजबूत करेगा। ज्येष्ठा मैत्रेयी की यात्रा संघर्ष, संस्कार और सेवा की भावना से सजी एक प्रेरणादायक कहानी है। वर्दी की सख्ती के पीछे छिपा उनका संवेदनशील व्यक्तित्व ही उन्हें खास बनाता है। आज वे केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को दिशा देने वाली जीवंत प्रेरणा बन चुकी हैं।

## राजसी वैभव से निकली ईशर-गणगौर की शाही सवारी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सुहाग के पर्व गणगौर का पर्व परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर पालिका तत्वावधान में ईशर गणगौर की सवारी शाही शानो शौकत के साथ निकाली गई। शाही सवारी निकलने से पूर्व ईशर-गणगौर की आदमकद जीवंत काष्ठ प्रतिमा की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार ध्वनि के मध्य विद्वान पंडितजनो के साथ पूजा-अर्चना व आरती की। तत्पश्चात गढ़ से गणगौर माता की भव्य शाही सवारी गाजे बाजे के साथ, ऊंट, घोड़े पर बैठे सवार, टेक्यू ट्रॉली मे भजनो पर नाचते हनुमान, राधा कृष्ण नृत्य, शिव नृत्य सहित कई झांकिया ने भीड़ को अपनी ओर आकर्षित किया। शहर मे गढ़ चौराहा, दास बालाजी मंदिर, अशोक स्तम्भ, पुरानी गढ टंकी, धानूका कुआ, सुर्य सिनेमा हॉल सहित रामचन्द्र पार्क आदि स्थानो पर बने स्टेजों पर गीत, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रोचक प्रस्तुतियां दी गई। वही इन स्थानों पर नवविवाहिता, महिलाओं व युवतियों ने पारम्परिक रूप से गणगौर को ज्वारे अर्पित कर, गणगौर को ईशर सँग फेरे दिलवाकर, धन-धान्य, दीर्घायु, सुख शांति के साथ अखंड सौभाग्य की कामना की। सजे-धजे घोड़े, ऊंट राजसी वैभव की याद दिला रहे थे। शाही शोभा यात्रा में पालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण, पालिका कर्मचारीगण उपस्थित थे। वहीं आयोजित गणगौर जूलूस में जन प्रतिनिधियों, गणमान्यजनों व व्यापारियों की भीड़ नदारद रही, जो जनचर्चा का विषय रहा। स्थानीय थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से भारी जाप्ते का साथ महिला पुलिस कर्मियों का अलग से जाप्ता लगाया गया।

## राष्ट्र साधना के 100 वर्ष पर काव्य संध्या का आयोजन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर विभाग द्वारा श्राष्ट्र साधना के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य काव्य संध्या का आयोजन 22 मार्च 2026 रविवार को सायं 6 बजे किया जा रहा है। यह आयोजन पंख रेस्टोरेंट, इस्कॉन मंदिर के सामने, खरबास सर्किल के पास, मानसरोवर, जयपुर में संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक रवि पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गोपाल शर्मा मा. विधायक, सिविल लाइन्स की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष पं. देवीशंकर शर्मा अध्यक्ष, सप्तर्षि मंडल, होंगे। यह काव्य संध्या राष्ट्रभाव, सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक साधना को समर्पित एक विशिष्ट आयोजन है, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, संस्कृति, समाज और भारतीय जीवन मूल्यों का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण करेंगे। कार्यक्रम में जिन प्रमुख कवियों एवं साहित्यकारों की सहभागिता रहेगी, उनमें विनीत चौहान अलवर डॉ. प्रवीण आर्य नई दिल्ली, सौरभ सूर्य नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश, डॉ. गोवर्धन सिंह सोढ़ा जहरीला, बाड़मेर, मोनिका गौड़ बीकानेर, प्रवीण श्रीराम मुंबईद्ध, विकास तिवारी प्रज्ञेयष् ;जयपुर, कृष्णार्जुन पार्थभक्ति चित्तौड़गढ़, सुरेन्द्र सिंह राव मृत्युंजय मावली, उदयपुर, राजेन्द्र गौड़ कोटा, नवनीत गौड़ कोटपूतली, बृजमोहन तूफान बांसवाड़ा, डॉ. विनम्र सेन सिंह प्रयागराज तथा दास आरोही, आनंद धौलाना, उत्तर प्रदेश प्रमुख हैं। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर विभाग ने समस्त साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, युवा रचनाकारों एवं आमजन से इस राष्ट्र भाव से ओतप्रोत काव्य संध्या का आयोजन पहली बार किया है।

### इंस्टाग्राम दोस्ती बनी ब्लैकमेलिंग का जाल : झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे युवक से 10 लाख

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। एक युवती ने इंस्टाग्राम पर संपर्क कर युवक से नजदीकियां बढ़ाई और बाद में लिव.इन रिलेशनशिप में रहकर लाखों रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की गई। पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी 38 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया है। उसने बताया कि करीब चार साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी 28 वर्षीय युवती से पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान युवती ने खुद को अविवाहित बताया और बाद में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का प्रस्ताव रखा। करीब दो साल पहले दोनों ने आपसी सहमति से लिव.इन के दस्तावेज भी तैयार करवाए। इस दौरान युवती ने बिजनेस के नाम पर युवक से लाखों रुपए ले लिए। बाद में युवक को युवती के शादीशुदा होने और गलत जानकारी देने का पता चला। आरोप है कि इसके बाद युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। यहां तक कि शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला भी दर्ज करवाया गया। पीड़ित के अनुसार युवती ने अपने साथियों के जरिए 10 लाख रुपए की मांग करते हुए राजीनामा कराने का दबाव बनाया और पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

## चेंटी चंड के अवसर पर निकली शोभायात्रा



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में सिंधी समाज की ओर से गत सायं झूलेलाल महाराज की जयंती पर चेटीचंड महोत्सव मनाया गया। धानुका कुए के पीछे झूलेलाल मंदिर में सामूहिक आरती, ध्वजारोहण, अभिषेक, शाम को महिला सत्संग व महाआरती का आयोजन किया गया। शाम को मंदिर से झूलेलाल व महाराज की झांकी निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होती हुई रामचंद्र पार्क पहुंची, जहां, पर पूजा के बाद झांकी वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समाज के लोग डांडिया नृत्य भी किया। इस मौके पर मंदिर पुजारी किशनलाल, दौलतराम भोजवानी, मेघराज मैठानी, बब्लू ढोलवानी, गौविनद सिंधी, परमेश्वर ढोलवानी, राजकुमार ढोलवानी, चंद्रप्रकाश ढोलवानी, हरिश सिंधी, खुशीराम कृपलानी, मोहन भावनानी, सुदामा सिंधी आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम भाईयों ने ईदगाह में नमाज अदा की

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की बड़ी ईदगाह प्रांगण में सैंकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी एकत्र हुए और ईद उल फितर की नमाज अदा की। खुदा के सजदे में सिर झुके और हर हाथ देश में अमन चैन की दुआ के लिए उठे। ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम रजा मुराद ने नमाज अदा करवाई। ईदगाह से लेकर मस्जिदों तक रौनक छाई है। नए वस्त्र पहन कर नमाज के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। महिला वर्ग ने घरों में नमाज अदा की और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, कांग्रेस नेता



अरविंद चाकलान सहित कई गणमान्यजन ईदगाह पहुंचे और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सीओ निसार अली, थानाधिकारी गौरव खिड़िया पुलिस टीम के साथ मौजूद रहें और सभी को ईद की मुबारकबाद भी दी। वहीं पुरानी ईदगाह में शहर काजी ईस्साक ने ईद की नमाज अदा कराते हुए देश में अमन चैन की दुआ की। इस अवसर पर मोहम्मद ईदू चैजार, ईसाक बिसायती, सलीम खान, शाबीर मौहम्मद, आशीफ मौहम्मद, असलम, इमरान काजी, गुलाम हुसैन, अयुब चैजारा, युसूफ अली, अकरम मिस्त्री, युनस छिपा, शब्बीर मोहम्मद, रमजान छिपा सहित कई मुस्लिम भाई उपस्थित थे।

## गाजे बाजे के साथ निकाली गणगौर माता की सवारी

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** गणगौर पर्व को लेकर कस्बे में शनिवार शाम को गाजे बाजे के साथ गणगौर माता की सवारी निकाली गई। पुजारी देवकिशन आचार्य के सानिध्य में गढ़ चौक में गणगौर माता की पूजा अर्चना कर सवारी को रवाना किया गया। गणगौर माता की सवारी कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए कस्बे के विश्राम गृह के आगे पहुंची जहां पर नवविवाहिताओं व महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा अर्चना की व इसके बाद पुलिस थाने के सामने प्राचीन कुएं में गणगौर का विसर्जन किया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, हरि इंदौरिया, एडवोकेट आशाराम आचार्य, एडवोकेट जितेंद्र सिंह राठौड़, त्रिशूल भाटी, रामलाल भोजक आदि अनेक गणमान्य लोग व नगरपालिका कार्मिक मौजूद रहे।

### ट्रैन से गिरकर महिला यात्री घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शनिवार अल सुबह करीब सवा पांच बजे दिल्ली सराय रोहिला से जोधपुर जाने वाली गाड़ी से गिरकर सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुषमा रानी पत्नी नवीन गुसाई उम्र 35 वर्ष निवासी गणेश नगर शकरपुर पूर्वी दिल्ली, घायल हो गयी।

रेलवे सुरक्षा बल चैकी सुजानगढ़ के एएसआई रविंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल शिवलाल की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और एम्बुलेंस चालक भगीरथ जाट रेलवे स्टेशन पहुंचे तथा घायल महिला को सुजानगढ़ बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ कमल धानिया ने इलाज किया।

## राम जन्मोत्सव में आज बधाई उत्सव में भजन-कीर्तन से गूंजेगा मंदिर परिसर

### विशेष श्रृंगार और आकर्षक सजावट के साथ होगा आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में चल रहे श्री राम जन्मोत्सव के तहत रविवार को बधाई उत्सव एवं भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल गाओ री आज बधाई पंक्ति गाओ री जैसी मंगलमय बधाई पंक्तियों के साथ होगी। इस अवसर पर गोविंद की गइया मंडल द्वारा भक्तिमय भजनों और बधाई गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण राममय हो जाएगा। मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा परिसर को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा।

महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर भक्ति का लाभ प्राप्त करेंगे। भजन-कीर्तन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं बधाई वितरण की व्यवस्था भी की गई है।



मंदिर समिति एवं गोविंद की गइया मंडल ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इसके अलावा सोमवार को सरस निकुंज परिसर मंडल की ओर से भी बधाई उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## एक शाम माजीसा के नाम जनसंध्या आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के वार्ड संख्या 41 में स्थित मां भटीयाणी माजीसा धाम का वार्षिकोत्सव समारोह पर एक शाम माजीसा के नाम आयोजित भव्य भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर से ढोल नगाड़ो के साथ दिव्य ज्योति पदार्पण व गायक कलाकार रेखाराम राणा की गणेश वंदना से हुआ। मां के अनन्य भक्त श्री सत्यजीत जैन ने दिव्य ज्योति प्रजवलन व पूजा अर्चना की। समारोह में मंदिर समिति की ओर से आगंतुक साधू संतों का माला व शोल ओढाकर



तथा गणमान्यजनों का दुपट्टा ओढाकर अभिनन्दन किया गया। लादूसिंह शेखावत व मानसिह शेखावत ने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह के अंतर्गत धाम की भव्य साजसज्जा व रोशनी से सराबोर किया गया। भजन संध्या में संत श्री स्मृतिनाथ जी महाराज, रामदास जी चीमाबाबा, गंगानाथ जी महाराज, गायक रेखाराम राणा, कपिल शान, सरोज कंवर आदि अनेक भजन गायक कलाकारों अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी। समारोह का संचालन प्रदीप लढा ने किया। इस अवसर पर संत श्री इंद्र नाथ महाराज, विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, लिट्टु कल्पनाकांत, पार्षद मुख्तार खान, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलाण, मनोज पारीक, खेलसंघ के राजेंद्र सिंह बिदावत, हड़मान सिंह शेखावत, कल्याण सिंह चारण सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## 31वें नवान्ह पारायण महोत्सव में गूंजी बालकांड की 119 चौपाइयां



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नवरात्रा के अवसर पर श्री राधे रानी प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में 31वें नवान्ह पारायण महोत्सव में बालकांड की 119 चौपाइयों के पाठ हुए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल बिधि हरि हर कबि कोबिद बानीएकहत साधु महिमा सकुचानी सो मो सन कहि जात न कैसे जैसी बालकांड की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान होता रहा। आयोजन से जुड़े अजय कुमार शर्मा व महेश प्रधान ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से रामस्वरूप नाटाणी ने श्रीरामचरित मानस की बालकांड की 119 चौपाइयों का पाठ किए। यह पाठ 251 आसनों पर हुए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल साक बनिक मनि गुन गन देखन मिस मृग बिहग तरु फ्रिइ बहोरि बहोरि निरखि निरखि रघुबीर छबि बाढ़इ प्रीति न थोरि जथा सुअंजन अंजि दृग साधक सिद्ध सुजान कौतुक देखत सैल बन भूतल भूरि निधान सुनि समुझहिं जन मुदित मन मज्जहिं अति अनुराग जैसी गूंज रही चौपाइयों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

# सीआईडी ने चार साल से फरार पचास हजारी इनामी को दबोचा

## पुलिस पर फायरिंग व हत्या के प्रयास के मामले में था फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी सीबी अपराध शाखा ने सरहद पार एक साहसिक ऑपरेशन को अंजाम देते हुए पुलिस पर फायरिंग व हत्या के प्रयास के मामले में पिछले चार वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे कुख्यात इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में चलाई जा रही विशेष धरपकड़ मुहिम के तहत सीआईडी सीबी टीम ने पचास हजार रुपये के इनामी बदमाश महेश दिलीप दहले उर्फ चाचा जी



उर्फ सरदार जी को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी पर पुलिस टीम पर फायरिंग करने, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। पाण्डेय ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक अपराध हरेन्द्र कुमार महावर के सुपरविजन और उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को जोधपुर और फलोदी क्षेत्र में आसूचना संकलन के लिए तैनात किया गया था। इसी दौरान हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह को पुख्ता मुखबिर सूचना मिली कि थाना फलोदी का मोस्ट वांटेड अपराधी महेश दिलीप दहले मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में अपनी पहचान छुपाकर फरारी काट रहा है।

सूचना को तकनीकी रूप से पुख्ता करने के बाद पुलिस ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अपना जाल बिछाया। टीम ने दिन-रात रेकी की और अपराधी की हर हरकत पर पैनी नजर रखी। इस पर आईजी जोधपुर रेंज सत्येन्द्र सिंह के समन्वय से फलोदी जिला पुलिस की टीम को भी इस ऑपरेशन में शामिल किया गया। टीम जब अहिल्यानगर के तपोवन रोड पर पहुंची तो मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की। लेकिन टीम के सदस्यों ने अदम्य साहस और फुर्ती का परिचय देते हुए उसे दौड़कर मजबूती से पकड़ लिया। शुरुआत में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम महेश दिलीप दहले निवासी बड़वानी मप्र स्वीकार किया। इस पूरे मामले की जड़ें अप्रैल 2022 की एक सनसनीखेज वारदात से जुड़ी हैं। उस समय फलोदी पुलिस को बिना नंबर की पिकअप में अवैध हथियार तस्करी की सूचना मिली थी। जब पुलिस ने घेराबंदी की तो इन बदमाशों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी और जान से मारने की नियत से पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी थी। उस समय पुलिस ने दो बदमाशों को 3 पिस्टल और 14 कारतूस के साथ मौके पर दबोच लिया था और एक साथी फरार हो गया। तब से ही आरोपी महेश दहले की राजस्थान पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। इस सफल ऑपरेशन में उप निरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के कुशल नेतृत्व के साथ-साथ हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह और कांस्टेबल नरेश कुमार की फील्ड वर्क में महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं तकनीकी सहायता में सहायक उप निरीक्षक शंकर दयाल शर्मा और कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा ने अहम योगदान दिया। फलोदी पुलिस टीम की ओर से एएसआई पीराराम और डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल गोरधनराम, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, भगवानाराम ने गिरफ्तारी की प्रक्रिया में सहयोग किया। आरोपी को अब अग्रिम कानूनी कार्यवाही के लिए फलोदी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## आश्रय फेस्ट में सेवा के बीस साल पूरे होने पर संगीत संध्या से सजेगा मंच

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर कला केन्द्र में 22 मार्च 2026 रविवार को आश्रय फेस्ट 2026 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ष्आश्रय केयर होम अपनी 20 वर्षों की सेवा यात्रा का उत्सव मनाएगा। संस्था पॉजिटिव वुमन नेटवर्क ऑफराजस्थान सोसायटी के तहत जयपुर के निर्माण नगर और नेवटा में एचआईवी/एड्स प्रभावित बच्चों के लिए आवासीय बाल गृह संचालित किए जा रहे हैं, जहां उन्हें आवास, शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, उपचार, पोषण, योगए परामर्श और मनोरंजन जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। अब तक करीब 3000 बच्चों और महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। संस्था की श्आश्रय केयर एंड सपोर्ट सेंटरश् योजना के तहत जयपुर, श्रीगंगानगर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली और टोंक जिलों के 10,000 से अधिक एचआईवी/एड्स प्रभावित परिवारों को पंजीकृत कर उन्हें एआरटी सेंटर से जोड़कर नि:शुल्क चिकित्सा सहयोग दिया जा रहा है तथा सरकारी योजनाओं का प्रचार.प्रसार भी किया जा रहा है।



# शिशुओं में रूखी त्वचा के आम कारण और दूर करने के घरेलू नुस्खे

शिशुओं की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है। जिस कारण उन्हें त्वचा संबंधी समस्याएं जल्दी हो सकती हैं। इसलिए उनका ख्याल रखना जरूरी है। कई बार शिशुओं में रूखेपन की भी समस्या होती है, जो आमबात है, लेकिन इसे लंबे समय तक नजरअंदाज करने से शिशु को समस्या हो सकती है। क्या आपके शिशु को भी यह समस्या है? अगर हां, तो आपको शिशुओं में रूखापन होने के कुछ आम कारण और इन्हें दूर करने के घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे। शिशुओं की त्वचा पर तेल की मसाज, नहलाने के सही तरीके, हाइड्रेट रखकर और उन्हें ओटमील बाथ देकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है।

## शिशु की त्वचा से रूखापन हटाने के घरेलू नुस्खे

### तेल मालिश

तेल की मालिश एक बहुत पुराना और बेहतरीन तरीका है। शिशु की त्वचा पर तेल की मालिश करने से ड्राइनेस खत्म हो जाएगी। तेल की मालिश करने से शिशु की त्वचा की खोई हुई नमी को वापस आती है। इसके लिए आप नारियल के तेल का प्रयोग कर सकते हैं। चूंकि यह हल्का होता है और शिशु के शरीर में आसानी से अवशोषित भी हो जाता है। इसके अलांवा आप शिशु को बादाम के तेल की भी मसाज दे सकते हैं। इससे उनकी त्वचा में निखार आता है और त्वचा का रूखापन भी दूर होता है।

### शिशु को हाइड्रेटेड रखें

डिहाइड्रेशन किसी में भी रूखेपन का कारण बन सकता है और शिशुओं की त्वचा तो काफी संवेदनशील होती है। शिशु को सबसे ज़रूरी हाइड्रेटेड करके रखना होता है। इस बात का खास ध्यान रखना पड़ता है कि शिशु के शरीर मे दूध या पानी की कमी ना होने पाए। अगर आपके शिशु के शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा नहीं जा रही है तो उसे रूखापन हो सकता है।

### घी से करें मालिश

घी लगाना वैसे तो सभी के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन शिशुओं की त्वचा पर घी लगाने से उनमें ड्राइनेस की समस्या दूर होती है। शिशु की मुलायम त्वचा पर नियमित रूप से घी लगाने से उनकी त्वचा में मॉश्चर बना रहता है। इससे उन्हें त्वचा में रूखापन आने की संभावना काफी कम हो जाती है। घी में कोंजुगेटिड लिनोलिक एसिड भी पाया जाता है, जो उनके वजन को मेनटेन रखने में मददगार होता है।

### कैलेंडुला का उपयोग

कैलेंडुला एक एंटी फंगल एंटी इन्फ्लेमेटरी जड़ी बूटी है। इसके तेल के इस्तेमाल से त्वचा की खुजली खुरदुरापन दूर हो जाते हैं। यह एक एंटी बैक्टरिल जड़ी बूटी होती है। इससे त्वचा पर बैक्टेरियल इन्फेक्शन नहीं होता है। यह फूलों की पंखुडियों को सुखाकर बनाया जाता है, जो शिशु की सेहत खासकर उसकी त्वचा के लिए लाभकारी होता है। चिकित्सक की सलाहनुसार इसे लगाएं। इससे शिशु की त्वचा में रूखेपन की समस्या बिलकुल खत्म हो सकती है।

### ओटमील बाथ

अगर आपके शिशु को त्वचा संबंधी परेशानियां हैं तो आप उसे ओटमील बाथ दे सकते हैं। ओटमील बाथ शिशु की त्वचा के नरिशमेंट के लिए काफ़ी अच्छा होता है। नहाने के पीनी मे ओटमील ऑयल की कुछ बूंदे डालने से भी त्वचा का रूखापन दूर हो जाता है।

### शिशुओं की रूखी त्वचा के आम कारण

- शिशुओं को गर्म पानी में देर तक नहलाना रूखी त्वचा का कारण बन सकता है।
- वातावरण में परिवर्तन आने से भी शिशु की त्वचा रूखी हो जाती है। अधिक एसी या हीटर के इस्तेमाल से शिशु की त्वचा की नमी छिन जाती है।
- शिशु को हार्श साबुन या शैंपू से लंबे समय तक नहलाने से भी स्किन ड्राई हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन भी रूखी त्वचा का एक कारण होता है। शिशु के शरीर मे पानी की कमी होने से भी स्किन ड्राई हो सकती है।
- शिशु मे रूखी त्वचा का एक कारण एग्जेमा भी हो सकता है। रूखी त्वचा जेनेटिक्स पर भी निर्भर करती है।

# पेट की चर्बी से जल्द दिला सकता है छुटकारा तुलसी-अजवाइन का यह काढ़ा, आजमाने से पहले जान लें क्या है बनाने का सही तरीका

पेट की चर्बी कम करनी हो या बढ़ते वजन को करना हो कंट्रोल, दोनों के लिए ही सबसे पहले शरीर को डिटॉक्स करना बेहद जरूरी होता है। अधिकतर लोगों का वजन तला-भुना और अनहेल्दी भोजन करने की वजह से बढ़ जाता है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही है तो ट्राई करें ये तुलसी और अजवाइन से बना काढ़ा। यह काढ़ा न सिर्फ आपका वजन कम करने में मदद करेगा बल्कि आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म में भी सुधर लाता है।

**तुलसी-अजवाइन का काढ़ा बनाने का तरीका :** तुलसी-अजवाइन का काढ़ा बनाने के लिए सबसे पहले एक चम्मच सूखे अजवाइन को एक गिलास पानी में रात भर के लिए भिगोकर रख दें। उसके बाद सुबह 4 से 5 तुलसी के पत्तों को अजवाइन के पानी में डालकर उबाल लें। अब पानी को एक गिलास में छान लें और इसे गर्म या ठंडा पी लें। जल्दी और अच्छे रिजल्ट के लिए आप इसे रोजाना सुबह पिएं। ध्यान रखें इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें। इसका अधिक सेवन करने से सेहत को नुकसान भी हो सकता है।

**तुलसी-अजवाइन काढ़े के फायदे :** अजवाइन का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म अच्छा बना रहता है। वहीं तुलसी शरीर के लिए प्राकृतिक डिटॉक्स की तरह काम करती है। अजवाइन का सेवन करने से गैस्ट्रिक की समस्या दूर होकर डाइजेशन अच्छा बना रहता है। वहीं तुलसी शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर वजन



घटाने में मदद करती है। अजवाइन का पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे चर्बी घटने लगती है। वहीं तुलसी का सेवन करने से ऐसिडिटी, पेट में जलन की परेशानी दूर होने के साथ बॉडी का पीएच लेवल भी मेनटेन रहता है।

# आंखों के नीचे झुर्रियों से छुटकारा दिलाए ये आसान से नुस्खे

हर कोई जवां और खूबसूरत दिखना चाहता है, लेकिन इन दिनों बढ़ते प्रदूषण, खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से स्किन पर कई तरह की समस्याएं हो रही हैं। इन्हीं में से एक है झुर्रियों की समस्या। अगर आपकों के आसपास झुर्रियां दिखने लगे, तो यह आपके चेहरे को बेजान बना देता है। इसकी वजह से लोग वास्तविक उम्र से ज्यादा के प्रतीत होते हैं। आंखों की झुर्रियां आपकी खूबसूरती को बेहद ही खराब कर सकती है। इससे चेहरा थका और शिथिल दिखता है। आंखों या फिर पलकों पर झुर्रियां बढ़ती उम्र के लक्षणों में से एक है।



### कैस्टर ऑयल आंखों की झुर्रियों को करे गायब

आंखों के नीचे झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। रोजाना सोने से पहले आंखों के नीचे कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल करें, इससे आंखों के आसपास की झुर्रियां कम हो जाएंगी। बेहतर रिजल्ट के लिए आप इस ऑयल में 2 से 3 बूंदे गुलाबजल का भी मिक्स कर सकते हैं।

### रोजहिप ऑयल से झुर्रियों मे मिलेगा छुटकारा

रोजहिप ऑयल खूबसूरती निखारने में काफी फायदेमंद हो सकता है। इस तेल में एंटी-एजिंग गुण मौजूद होते हैं। इसके इस्तेमाल से आंखों की झुर्रियां कम की जा सकती हैं। अगर आपकी स्किन सेंसटिव है, तो आप अपने चेहरे पर रोजहिप ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे चेहरे और पलकों के नीचे मौजूद झुर्रियों से राहत मिलेगा।

### अंकुरित मूंग दाल

झुर्रियों को कम करने में विटामिन ई काफी फायदेमंद हो सकता है। अंकुरित मूंग दाल विटामिन ई से भरपूर होता है। अंकुरित मूंग दाल का सेवन सुबह शाम करने से बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इसके अलावा अंकुरित मूंग दाल स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इस आप नियमित रूप से एक बेहतरीन स्नैक्स के रूप में शामिल कर सकते हैं।

### पपीता से करें आंखों की झुर्रियां दूर

पपीता का इस्तेमाल स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है। दरअसल, पपीता में ब्रोमिलेन नामक एंजाइम होता है, जो एंटी इन्फ्लामेट्री गुणों से भरपूर है। यह हमारी स्किन को हाइड्रोसी एसिड प्रदान करता है। पपीता पल्प लगाने से आंखों के नीचे की झुर्रियों को खत्म किया जा सकता है। इसके पल्प को करीब 15 मिनट तक अपने आंखों के नीचे लगाएं। बाद में इसे नॉर्मल पानी से साफ कर लें। इससे काफी फायदा मिल सकता है।

### एवोकाडो है आंखों के लिए फायदेमंद

स्वास्थ्य के लिए एवोकाडो काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद वसा आंखों के नीचे की झुर्रियों को कम करने में असरदार होता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 कटोरी एवोकाडो के पल्प को निकाल लें। इसे अपने हाथों से अच्छी तरह मैश करें। अब इसे अपने आंखों के नीचे लगाएं। करीब 15 से 20 मिनट तक इसे अपने आंखों के आसपास लगाने से पलकों के आसपास की झुर्रियां कम होती हैं।

### अनानास से आंखों की झुर्रियां होंगी दूर

नियमित रूप से अनानास का सेवन करने से आंखों की झुर्रियों को कम किया जा सकता है। इसा इस्तेमाल करने के लिए अनानास को अच्छी तरह छिल लें। इसके छोटे-छोटे टुकड़े करके इसका रस निकाल लें। अब इस रस को अपनी स्किन पर लगाएं। थोडे समय बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपके आंखों की झुर्रियां गायब हो सकती हैं।

# नशीले पदार्थों के सेवन से आप ही नहीं आपके पूरे परिवार का भी बिगड़ता है मानसिक स्वास्थ्य

परिवार में अगर एक व्यक्ति भी नशा करना शुरू करता है तो पूरे परिवार पर उसका प्रभाव पड़ता है। भारत में ऐसी खबरों की और आंकड़ों की कमी नहीं है जिसमें यह बताया जाता है कि ''पति ने नशे में पत्नी की ली जान।'' ऐसी हेडिंग्स हम आए दिन पढ़ते हैं। नशे को लेकर कोई क्लास नहीं है। यह हर वर्ग के लोग करते हैं। पर जब नशा एक आदत बन जाता है और उसके न मिलने पर पीड़ित व्यक्ति के हाथ कांपने से लेकर आपा खोने तक की आशंका होती है, ऐसी परिस्थिति में ये लोग खुद के लिए और परिवार के लिए खतरनाक हो जाते हैं। जब किसी घर में कोई नशे का आदी पेशेंट होता है तो उसके परिवार के सदस्यों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। नेशनल ड्रग डेपेन्डेंस ट्रीटमेंट सेंटर, एम्स के मुताबिक भारत में 2018 में 2.3 ओपियोड्स के उपभोक्ता थे जो 14 सालों में पांच गुना और बढ़ गए। इन उपभोक्ताओं में 10-75 वर्ष वालों की उम्र ज्यादा है। इन सभी नशों में ओपियोड्स का सेवन ज्यादा बढ़ रहा है।

**क्या है ओपियोड्स :** ओपियोड्स कैनाबीस नामक पौधे से बनता है। इस पौधे के अलग-अलग पार्ट्स अलग ड्रग्स को बनाने में काम आते हैं। भांग के रूप में कैनाबीस का प्रयोग भारत में वैध हैं, पर चरस और गांजा इलीगल हैं।

**सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर सीधे असर :** ओपियोड्स सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर असर डालते हैं जो सीधे हमारे ब्रेन और



बॉडी पर असर डालता है। ओपियोड्स में कोकेन और हेरोइन शामिल है। जब इन पदार्थों का सेवन किया जाता है, तब हमारे ब्रेन से गामा रिसेप्टर निकलते हैं। ये हमारे दर्द के सेंसेशन से जुड़े होते हैं। इन ओपियोड्स का प्रयोग जब दवाओं के रूप में किया जाता है, तब ये दर्द को कम करते हैं। लेकिन अधिक मात्रा में सेवन और गैर जरूरी सेवन शरीर को बीमार बना देते हैं। इन ओपियोड्स को एक्युट पेन या क्रोनिक पेन के लिए दो तरह प्रयोग में किया जाता है। जब इनका प्रयोग किया जाता है, तब ये दर्द को कम कर देते हैं। इन दवाओं का प्रयोग कैंसर में भी किया जाता है। लेकिन ये सभी दवाएं डॉक्टर की सलाह से दवा के रूप में दी जाती हैं। यह दवा दर्द को कम करती है और तनाव को कम करती है। ओपियोड्स को सीमित मात्रा से ज्यादा लिया जाता है तो इसे ओपियोड्स डिपेंडेंट डिसऑर्डर कहा जाता है।

**नशीले पदार्थों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर :** ऐसा देखा गया है कि सूखा नशा शराब से ज्यादा घातक होता है। डॉक्टर का कहना है कि इन नशीले पदार्थों का नुकसान इस पर निर्भर करता है कि इन्हें कितनी मात्रा में और कितने समय में लिया जा रहा है।

**साइकोसिस की आशंका :** कोई व्यक्ति जब जरूरत से ज्यादा इन नशीले पदार्थों का सेवन करता है तो उन्हें साइकोसिस होने की संभावना ज्यादा होती है। इसके अधिक सेवन और मात्रा पर यह बीमारी निर्भर करती है। नशे के सेवन से मानसिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**हैलुसलेशन :** हैलुसनेशन एक ऐसी मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को किसी तरह की आवाजें और छवियां दिखाई देती हैं। ये कंडीशन भी ज्यादा नशा करने की वजह बनती है। नशीले पदार्थों के सेवन के अन्य दुष्प्रभाव भी हैं, वे इस प्रकार हैं।

**प्रोडक्टिविट पर असर :** ओपियोड्स का अधिक सामाजिक और निजी दोनों रूपों में बुरा असर डालता है। इनका अधिक सेवन करने से वर्किंग लाइफ डिस्टर्ब रहती है। काम पर ध्यान नहीं लगता। इसके अलावा निम्न लक्षण दिखाई देते हैं।

**लोगों से मिलने का मन नहीं करना :** ऐसे लोगो जो नशे के आदि होते हैं वे अगर नशे की लत से पहले लोगों से मिलते जुलते थे, लेकिन नशे के बाद नहीं मिलते ते इसका उनकी सोशल इंटरेक्शन पर असर पड़ता है। ऐसे लोग खुद को अकेला कर लेते हैं। किसी से मिलने का मन नहीं करता।

**कैपिसिटी पर असर :** ज्यादा नशा करने से मेंटल और फिजिकल दोनों स्थितियों पर असर पड़ता है। इस वजह से व्यक्ति की काम करने की क्षमता कम होती है। उदाहरण के लिए अगर वह पहले 10 घंटे काम करता था तो अब 7 घंटे ही करता है। कई बार परेशानियों को हल नहीं कर पाता। खुद पर कंट्रोल नहीं रहता।

**आर्थिक स्थिति पर असर :** कोई व्यक्ति जो एक दिन में एक गिलास शराब पी रहा है था थोड़े दिनों में उसका उपभोग 1 बोतल तक पहुंच जाता है। जिस वजह से उसकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ऐसे लोगों को फिजिकली या मेंटली विड्रोल करना पड़ता है।

### इलाज

**दवाएं :** ऐसे मरीजों को मनोचिकित्सक देखते हैं। इन मरीजों का दवाओं से इलाज किया जाता है।

**साइकोथेरेपी :** इस थेरेपी में डॉक्टर मरीज को तैयार करते हैं ताकि वे खुद खुद को हैंडिल कर लें। ग्रूप थेरेपी और रिलैक्स प्रिविंशेन किया जाता है।

**काउंसलिंग :** मरीज की काउंसलिंग की जाती है। ताकि वे खुद उस नशे को छोड़ने को तैयार हों। उन्हें जिंदगी को लेकर मोटिवेट करना होता है।

**फैमिली काउंसलिंग :** मरीजों के परिजनों को बताया जाता है कि जब मरीज ठीक हो रहा है या जब उसकी दवाओं चल रही हैं तो उन्हें उससे क्या बातें करनी है। डॉक्टर कहती हैं कि जब किसी घर में कोई पेशेंट होता है तो उसके परिवार पर भी असर पड़ता है। ऐसे में परिवार भी डिप्रेशन में आ जाता है, इसको कोडिपेंडेंट पैटर्न कहा जाता है। इसमें पेशेंट के ट्रीटमेंट के साथ-साथ फैमिला को भी ट्रीटमेंट दिया जाता है। जिसमें उनकी खुद की कोपिंग स्किल्स को इंप्रूव करने के साथ-साथ एक डायरेक्शन दिया जाता है जिसमें यह बताया जाता है कि जब पेशेंट नॉर्मल होगा तब उससे क्या बात करनी है।

# सौंफ खाने से होते हैं कई फायदे, इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका

खाने या मुंह का स्वाद बढ़ाने के लिए लोगों के बीच सौंफ काफी प्रसिद्ध है। ठंडी तासीर होने के कारण गर्मियों में इसका ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इसका इस्तेमाल औषधी के तौर पर भी किया जाता है। सौंफ एक खास पौधे के सुगंधित और स्वादिष्ट बीज हैं। सौंफ में आयरन, कैल्शियम समेत कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद हैं जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं।

**वजन घटाने में मददगार :** सौंफ का इस्तेमाल वजन कम करने के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। अगर आप एक्सरसाइज और सही डाइट के साथ सौंफ का सेवन करेंगे तो आपका वजन तेजी से कम हो सकता है। सौंफ में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, विटामिन-ए और सी समेत कई फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। इसके फायदे के लिए थोड़ी सौंफ और अदरक को पानी में उबाल लें और फिर छानकर इसे थोड़ा ठंडा होने पर सेवन कर लें।

**मेंस्ट्रुअल साइकिल करें सही :** ज्यादातर महिलाओं के साथ ये समस्या रहती है कि उनके मेंस्ट्रुअल साइकिल यानि पीरियड्स समय पर नहीं होते हैं। ऐसे में उन्हें तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर



आपके भी पीरियड्स अनियमित हैं तो आपको सौंफ से फायदा हो सकता है। इसके लिए रात में सोने से पहले चार चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें और फिर जब आप सुबह उठें तो खाली पेट इसका सेवन कर लें। इस तरह से रोजाना करने पर आपको फर्क नजर आने लगेगा और कुछ ही महीनों में आपके मेंस्ट्रुअल साइकिल समय-समय पर हो सकते हैं।

**याददाश्त बढ़ाने में मददगार :** सौंफ का सबसे बड़ा फायदा याददाश्त को बढ़ाना माना जाता है। इसका सेवन करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। इसके लिए सौंफ, बादाम और मिश्री को पीसकर पाउडर तैयार कर लें। रोजाना रात और दिन के समय भोजन करने के बाद इस पाउडर का एक चम्मच सेवन करें।

# कई रोगों को दूर करता है शाल (साल) का पेड़, इससे आपको होगें जबरदस्त फायदे

शाल के पेड़ को साल का पेड़ भी कहा जाता है। यह औषधीय गुणों से भरपूर पेड़ है। साल के पेड़ म्यांमार, नेपाल और दक्षिण हिमालय में पाए जाते हैं। साल का पेड़ पीपल के जितनी ऑक्सीजन छोड़ता है। यह स्त्रियों के रोगों से लेकर खुजली, पेट के कीड़े मारने में भी मदद करता है। शाल वृक्ष का प्रयोग लकड़ी के रूप में अधिक किया जाता है। इसके अलावा इसके पत्ते, छाल, बीज आदि औषधी रूप में प्रयोग में लाए जाते हैं। जब तक एलोपैथिक दवाएं नहीं थीं, तब तक हिंदुस्तान में आयुर्वेदिक दवाओं से ही इलाज किया जाता था। वर्तमान समय में एक बार फिर आयुर्वेद का बोलबाला शुरू हुआ है।

**ऑक्सीजन का अच्छा स्त्रोत :** यों तो सभी पेड़ ऑक्सीजन का स्त्रोत होते हैं। पर फर्क इतना है कि किसी से कम तो किसी से ज्यादा ऑक्सीजन निकलता है। शाल के पेड़ से हमें भरपूर ऑक्सीजन मिलता है। इससे ठीक उतना ही ऑक्सीजन मिलता है जितना पीपल के पेड़ से मिलता है। इसलिए इतरह के पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह वातावरण को शुद्ध करता है।

**सफेद पानी की समस्या में करे मदद :** शाल का पेड़ स्त्रियों को होने वाली सफेद



पानी की समस्या में मददगार है। जिन स्त्रियों को सफेद पानी की समस्या होती है, उन्हें अशोक की छाल के साथ शाल को पीने को कहा जाता है। इसका काढ़ा बनाकर पिया जाता है।

**खुजली से दिलाए निजात :** शाल का पेड़ गर्मियों में अक्सर होने वाली खुजली की परेशानी से निजात दिलाता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं जो खुजली की परेशानी को दूर करते हैं। खुजली की परेशानी होने पर शाल के पत्ते को नीम में मिलाकर पीएं। इसके 10-15 पत्तों को अच्छे से उबाल लें। फिर जब पानी 1 गिलास रह जाए तो इसका सेवन करें।

**सांस संबंधी परेशानियों में मददगार :** अगर आपको सांस से संबंधित परेशानी है तो आप शाल के गोंद का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए आपको शाल के गोंद का धुंआ लेना होगा। यह धुंआ हिचकी में भी सहायक होता है। हिचकी भी बंद हो जाती है। इसी तरह सांस की बीमारी में भी फायदा पहुंचाता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता करे मजबूत :** इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। डॉक्टर कहते हैं कि जैसे अशोक की छाल का पाउडर की फॉर्म में प्रयोग में लाया जाता है। ठीक वैसे ही इसे भी लाया जा सकता है। तो वहीं, इसका प्रयोग कैप्सूल प्रयोग में भी लाया जा सकता है।

**कान दर्द में सहायक :** साल के पेड़ के पत्तों का रस कान दर्द में मदद देता है। इसका प्रयोग और कैसे करना है, इसके बारे में अपने किसी नजदीकी आयुर्वेद चिकित्सक से सलाह ले सकते हैं।

**पेट के कीड़े करे साफ :** छोटे बच्चों को अक्सर पेट में कीड़े हो जाते हैं। इन कीड़ों को मारने के काम में भी साल का पेड़ आता है। साल के पेड़ को पाउडर फॉर्म में और उबालकर दोनों तरह से प्रयोग में लाया जा सकता है। साल का पेड़ कोशिकाओं को मजबूत करता है।

**मधुमेह में सहायक :** शाल की छाल और अर्जुन की छाल का काढ़ बनाकर मधुमेह की परेशानी कम की जा सकती है।

# धूमधाम से मनाया चेटीचंड महोत्सव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चेटीचंड महोत्सव पर सिंधी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल में भगवान झूलेलालजी को पंचमुखी स्नान करवाया गया और उसके बाद मंदिर से पांड्या धर्मशाला तक प्रभात फेरी निकाली गई। सिंधी महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता रावतानी ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योति बिनवानी थे। दोपहर में पांड्या धर्मशाला में लंगर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चे महापुरुषों के वेश में सज कर आए। फैंसी ड्रेस में प्रथम शिवन्या रावतानी, द्वितीय प्राची बिनवानी, तृतीय हार्दिक बिनवानी रहे। सिंधी भजन पर नृत्य में प्रथम यशवी मोटवानी, द्वितीय युविका तोलानी, तृतीय महक, दीपक फुलवानी, प्राची आडवाणी रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में भगवंती परवानी, कोमल जगवानी, गोविंदानी रहे। सीनियर ग्रुप में प्रथम प्राची ग्रुप, द्वितीय रिद्धि, महक जगवानी रहे। कार्यक्रम के पश्चात शाम को शोभायात्रा पांड्या धर्मशाला से नाथो तालाब तक निकाली गई। शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण छेज पारंपरिक नृत्य व झांकियां शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए निकली। तालाब में झूलेलालजी की ज्योत परवान कर समाज व देश की खुशहाली की कामना के लिए पल्लव हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष नरेश जगवानी, लक्ष्मण खत्री, रोहित, प्रकाश, श्याम, दिलीप, जगवानी, खुशीराम चान्दरा, मुरली सिंधी, नरेश, हैपी बागवानी, गोविंद, कन्नू मूलचंदानी, भगवानदास, टीकम बिनवानी, दिलीप सेवकानी, राजकुमार तोलानी, रमेश जगवानी, गुरमुख गोलानी, खूबचंद, जगदीश वासवानी, शोभा सुनीता, अनु भागवानी, मधु, तमन्ना रावतानी, हेमा, सपना, कंचन, साधना, सुनीता जगवानी, ज्योति, विधि, चंपा सोना बिनवानी, माया, ज्योति, जया आडवाणी, गुड़ी, मनीषा फुलवानी, सपना, रितु, भव्या तोलानी, गीता, रीटा गोलानी, मीना, लता कटारिया आदि उपस्थित रहें। संचालन सुनीता रावतानी ने किया।

# 99 के फेर में फंसी मलसीसर नगर पालिका

निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** कस्बे में नगर पालिका के द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों के बजट का आंकड़ा 99 हजार पर जाकर अटक जाता है पालिका में जो भी कार्यों के बिल पास होते हैं वह अक्सर 99वें हजार के नीचे ही रहता है। कस्बे के विजय प्रकाश व अब्बास सिरोहा के अनुसार एक लाख या इससे अधिक का भुगतान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। इसीलिए नगर पालिका में जो भी कार्य हो रहा है उनका भुगतान 80हजार रूपये से लेकर 95, 96,97,98 या 99 हजार रूपये के बिल से किया जा रहा है ताकि पालिका अध्यक्ष को इससे विषय में पता नहीं चल पाए। क्योंकि दिसंबर 2025 से लेकर फरवरी 2026 तक ऐसे ही बिल बनाकर भुगतान किया गया है। जो संदेह के घेरे में आते हैं। इस समय नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर उपखंड अधिकारी मलसीसर प्रशासक के रूप में कार्यरत है।

### गुपचुप में अपने चहेतों के नाम निकाले जा रहे टेंडर

नगर पालिका में सभी कार्यों के लिए टेंडर निकालने का समय सात दिवस का रहता है। जबकि नगर पालिका के द्वारा तीन दिवस के अंदर गुपचुप में टेंडर निकाल दिए जाते हैं कहीं भी इसकी जानकारी नहीं दी जाती। ना तो न्यूज पेपर में जानकारी दी जा रही है और ना ही कस्बे में कहीं टेंडर के लिए पोस्टर चस्पा किया जा रहा है। नगर पालिका ईओ के द्वारा अपने चहेतो के नाम टेंडर निकालने का आरोप भी कस्बे के ठेकेदारों द्वारा लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीईओ ने अपने ड्राइवर के नाम भी टेंडर निकाल रखा है।

**इनका कहना है:** गांव मे कई जगह जल भराव की समस्या सामने आ रही है रोज सोशल मीडिया के माध्यम से खबर आती है इसके बावजूद लाखों रुपए गन्दे पानी की निकासी के नाम पर डीजल पर खर्च दिखाया जा रहा है। लेकिन जल भराव की समस्या वैसी की वैसी है तो फिर यह डीजल खप्त कहां हो रहा है।

### विनोद खाटीवाल ग्रामीण

नगर पालिका के द्वारा कई टेंडर निकाले गए लेकिन स्थानीय ठेकेदारों को किसी टेंडर का पता भी नहीं चला जो अन्यायपूर्ण है। क्योंकि टेंडर निकाले जाने की कहीं भी सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी नहीं दी गई। लाइट रिपेयर का टेंडर देने के बावजूद कस्बे के मुख्य रास्तों पर लाइट बंद पड़ी।

### अरुण कौशिक ग्रामीण

अभी इस मामले में कोई जानकारी नहीं है मै स्वयं इसकी जांच करूंगी। कहीं भी कोई गड़बड़ पाई जाती है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### सुमन चौधरी मलसीसर उपखंड अधिकारी

नगर पालिका में पहले जैसे बिल उठाए जा रहे थे वैसे ही अब उठाए जा रहे है। सफाई व रूटीन के कार्यों के लिए तो खर्चा लगता ही है। मेरी तो अब आईडी मेप हुई है मेरे आने के बाद ही अकाउंट ओपन हुआ है लेकिन अब प्रक्रिया चालू कर दी गई है अब ऐसी दिक्कत नहीं आएगी। ओर टेंडर के लिए हमारे द्वारा कोई सूचना नहीं दी जाती है टेंडर ऑनलाइन निकलते हैं वहीं से पता लगाना पड़ता है। डीएलबी द्वारा राजस्थान संवाद में सूचना दी जाती है हम कोई प्रचार प्रसार नहीं करते हैं।

# पुलिस ने 1 क्विंटल 96 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त कर 3 जनों को किया गिरफ्तार

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान के तहत शुक्रवार रात को एनएच-52 पर ट्रेलर ट्रक में छुपाकर ले जाया जा रहा 1 क्विंटल 96 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त कर 3 जनों को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक व एस्कॉर्ट कर रही कार को भी जब्त किया है। तारानगर थानाधिकारी स्वाति बूरी ने बताया कि पुलिस ने भादसौड़ा चितौड़गढ़ निवासी लोकेश जैन, खोखरिया खखेड़ी पुलिस थाना भादसौड़ा, चितौड़गढ़ निवासी कालुराम ब्राहम्ण व आजाद नगर कस्बा भादसौड़ा, चितौड़गढ़ निवासी किशनगिरी गोस्वामी को एनएच-52 पर एक होटल के पास ट्रेलर ट्रक में छुपाकर ले जाया जा रहा 1 क्विंटल 96 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेतड़ी मे जीण माता के लक्खी मेले के लिए निकाली कस्बे में ध्वज यात्रा

## जीण माता के दरबार में चढाया जाएगा खेतड़ी का ध्वज

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में शनिवार को जीण माता की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्गों जीण माता के लक्खी मेले के लिए भव्य ध्वज यात्रा निकालकर पैदल यात्रियों का जत्था जीण माता के लिए रवाना हुआ। खेतड़ी कस्बे से जाने वाला ध्वज जीण माता के दरबार में चढ़ाया जाएगा। परंपरा के अनुसार से जीण माता के मंदिर में खेतड़ी का निशान चढ़ाया गया था। उसी परंपरा का निर्वाह आज भी कस्बे वासी करते आ रहे हैं। खेतड़ी के राजा अजीत सिंह व उनके पूर्वजों की जीण माता कुलदेवी है, जिसको लेकर खेतड़ी ठिकाने के समय में सबसे पहले खेतड़ी का निशान जीण माता को अर्पित किया जाता था। उसके बाद मेले का शुभारंभ किया जाता था। वही परंपरा आज भी पूरे क्षेत्र में मनाई जा रही है। परंपरा के अनुसार सबसे पहले कस्बे में मुख्य स्थानों पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन कर जीण माता का डंका बजाया जाता है। उसके बाद पहले नवरात्रा को माता की पूजा के पश्चात भव्य कस्बे में ध्वज यात्रा निकालकर शोभायात्रा निकाली जाती है और पैदल यात्रियों का जत्था जीण माता मंदिर के लिए रवाना हो जाता है। खेतड़ी से यह एक अनोखी परंपरा चली आ रही है। सबसे पहले खेतड़ी का निशान जीण माता के मंदिर में चढ़ाया जाता है। उसके बाद लक्खी मेले का शुभारंभ होता है। वही परंपरा आज भी खेतड़ी के ग्रामीण निभा रहे हैं। खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह स्वामी विवेकानंद को भी जीण माता के दर्शन के लिए ले जाया करते थे। जब स्वामी विवेकानंद खेतड़ी आते थे अक्सर वे घोड़े पर सवार होकर जीण माता के दर्शन के लिए राजा अजीत सिंह के साथ जाया करते थे। कस्बे में निकाली गई भव्य शोभायात्रा कस्बे के मुख्य बस स्टैंड, अंबे मार्केट, सब्जी मंडी, करोल बाजार, शनि मंदिर, अजीत अस्पताल होते हुए जीण माता के लिए रवाना हुई। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने यात्रा में जा रहे पैदल यात्रियों के जत्थे को रवाना किया और ध्वज के आगे धोक लगाई। इस दौरान कस्बे के ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, लाला भगत, राम अवतार सैनीए शिवपाल, अशोक सैनी, सुल्तान सैनी, रविंदर महाजन, ठाकुर रविंद्र सिंह, लीला जोगी आदि अनेक लोग शामिल थे।

# ईद की नमाज में मांगी मुल्क के लिए अमन शांति की दुआ



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे में ईद का त्यौहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में विशेष प्रकार के व्यंजन बनाए गये तथा कस्बे की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। ईद की मुख्य नमाज नेक नगर ईदगाह मस्जिद व बडी ईदगाह में हुई। नेक नगर ईदगाह में मुफ्ती मोहम्मद मुशा और बड़ी ईदगाह में शहर काजी हाफिज मोहम्मद सरीफ ने ईद की नमाज अदा करवायी। इस अवसर पर मुस्लिम भाईयों ने देश में अमन चैन व खुशहाली की दुवाएं की। ईदगाह सदर मेराज उल हसन छींपा ने वार्षिक आय व्यय का आंकड़ा पेश किया। ईदगाह के बाहर एसडीएम अमीलाल यादव, निवर्तमान पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, जवाहर सिंह राठौड़, एडवोकेट मोहम्मद शाहिद सोलंकी, दीनदयाल प्रजापत, पूसाराम चौहान, जुल्फीकार अली रिणीवाल, पार्षद सदीक ऐरानी, याकूब मणीहार, सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी।

# रेनबो स्टार्स ने जीता 5वां एजीईएस क्रिकेट टूर्नामेंट




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में उत्साह और खेल भावना के साथ फोर स्क्वेयर के सहयोग से एसोसिएशन ऑफ गारमेंट एक्सपोर्टर्स एजीईएस जयपुर द्वारा 5वें वार्षिक क्रिकेट इवेंट 2026 का आयोजन जयपुरिया क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर किया गया। इस आयोजन में गारमेंट एक्सपोर्ट इंडस्ट्री से जुड़े सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन दलपत लोढ़ा और राजीव दीवान के संरक्षण में हुआ और कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष आरिफ कागजी एवं महासचिव मोनू करनानी उपस्थित रहे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमों ने हिस्सा लिया, इको वॉरियर्स- कप्तान: अखिलेश हर्षा एमध्एस कागजी एक्सपोर्ट्सद्धय कुबेर वॉरियर्स- कप्तान: जितेंद्र सिंह शेखावत एम/एस कुबेर इंडस्ट्रीजद्धय लोढ़ा लायंस- कप्तान: शुभांक लोढ़ा एमध्एस लोढ़ा इम्पेक्सद्धय रेनबो स्टार्स- कप्तान: देवेंद्र सिंह शेखावत एमध्एस रेनबो टेक्सफैब प्रा. लि.। फाइनल मैच के मैन ऑफद मैच, हिमांशु कांकरिया रहेय मैन ऑफद सीरीज। हिमांशु कांकरिया टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर रघु राज राना, बेस्ट बैट्समैन अखिलेश हर्षा, बेस्ट फील्डर जितेंद्र सिंह शेखावत रहे। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभरते हुए व्यवसायियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना तथा उद्योग में आपसी संबंधों को मजबूत करना रहा। इवेंट के मुख्य प्रायोजक फोर स्क्वेयर थ्रेड्स, जयपुर थे।

# लोसल में शाही ठाठ बाट से निकाली गणगौर की सवारी, मेला भरा



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** गणगौर उत्सव पर लोसल में गणगौर की शाही ठाठ बाट से ईशर गणगौर की सवारी निकाली गई। साथ ही में शेखावाटी परिवेश में यहां पर गणगौर का मैला भी भरा । मेले की खाश बात यह रही की राजस्थान का आन बान शान का प्रतीक राजस्थानी साफा पहन कर लोग गणगौर का मैला में शामिल होने के लिए आए। गणगौर की निकाली गई सवारी में ईश्वर गणगौर की प्रतिमा के साथ साथ ऊंट और घोड़ी के साथ लोगो का लवाजमा मेला में आए। श्री सेवा समिति भवन एवं शास्त्री नगर से ईशर गणगौर की शाही लवाजमे के साथ गाजे.बाजे के साथ सवारी शुरू हुई जो बंधया कुआं चौंक से फिर एक साथ मुख्य बाजार गढ़ चौंक कुचामन बस स्टैंड होते हुए धूणीदास बगीची मेला स्थल पहुंची। जगह जगह पर महिलाओं ने ईश्वर गणगौर की पूजा अर्चना की। मेले की खाश बात यह रही की कबड्डी प्रतियोगिता के साथ साथ मेला स्थल पर मेहरी का नृत्य खूब जमा। लोसल नगरपालिका मंडल और श्री सेवा समिति लोसल के संयुक्त तत्वावधान में यह गणगौर का मैला आयोजित किया गया जाता है। गणगौर पर्व की पूरे दिन यहां पर जगह जगह पर धूम देखने को मिली। गणगौर उत्सव की यहां पर दिन भर धूम देखने को मिली मेले का मुख्य केंद्र कबड्डी प्रतियोगिता रखी जिसमें कई टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के विशेष अतिथि शेखावाटी शिक्षण समुह के चेयरमैन बी एल रणवां नारायण सिंह नरूका बी आर हरिपुरा रहे। परमहंस बाबा परमानंद की जयकारे के साथ कबड्डी प्रतियोगिता शुरू की गई।

# जयपुर टाइगर फेस्टिवल के पोस्टर का वन मंत्री संजय शर्मा ने किया विमोचन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर टाइगर फेस्टिवल की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वन मंत्री राजस्थान संजय शर्मा ने पोस्टर का विमोचन कर वन संरक्षण एवं संवर्धन की जागरूकता का संदेश दिया। वन मंत्री ने इस अवसर पर अपने संदेश में आमजन से वनों की रक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करने के लिए हर साल अपने और अपने प्रियजनों के खुशी के दिनों अथवा स्मृति दिवसों पर पौधारोपण करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# खेतड़ी में निकाली ईसर गणगौर की शाही सवारी, महिलाओं ने पुजा अर्चना कर कि सुहाग की मंगल कामना

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी मे शनिवार को राजपूत विकास समिति की ओर से हरड़िया हेरिटेज परिसर में गणगौर समारोह धूमधाम से मनाया गया। राजपूत समाज द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से ईसर-गणगौर की सवारी निकाली गई। नवविवाहिताओं ने ईसर गणगौर की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की मंगल कामना की। वही सवारी का नवविवाहिताओं व महिलाओं ने जगह-जगह पूजा अर्चना की। गणगौर की सवारी के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए सवारी के साथ पुलिस जाब्ता भी तैनात था। राजपूत विकास समिति की ओर से ईसर गणगौर की शाही सवारी निकाली गई। हरड़िया हेरिटेज से शुरू हुई गणगौर की सवारी कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुई ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब पर पहुंची, जहां विधिवत रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरड़िया हेरिटेज परिसर में ईसर गणगौर की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। गया। इसके बाद गाजे.बाजे के साथ गणगौर की शाही सवारी को कस्बे के लिए निकाला गया। राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि खेतड़ी कस्बे में ठिकाने के समय से गणगौर की सवारी निकालने की परंपरा चली आ रही है, जिसका आज भी निर्वहन किया जा रहा है। पूर्व के समय में भोपालगढ़ के ऐतिहासिक महल से गणगौर की सवारी निकलती थी, जो पन्नाशाह तालाब पर पहुंचती थी, जहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। वर्तमान समय में राजेंद्र सिंह हरड़िया द्वारा बनाए गए हरड़िया हेरिटेज पैलेस से सवारी निकालने का कार्यक्रम राजपूत समाज की ओर से किया जाता है और उसी परंपरा के अनुरूप पन्नाशाह तालाब पर ले जाकर भव्य कार्यक्रम किया जाता है।

इस मौके राजेंद्र सिंह शेखावत, प्रभू सिंह तंवर, एडवोकेट पाबूदान सिंह, अशोकवीर सिंह, शेर सिंह निर्वाण, घनश्याम सिंह, नवलकिशोर, अमित सिंह उसरिया, पंकज गुर्जर, मुरारीलाल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मलसीसर गढ़ से निकली गणगौर सवारी



निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** कस्बे में उत्साह के साथ मनाया गया गणगौर का त्यौहार। पौराणिक परंपरा के अनुसार मलसीसर गढ़ से गणगौर की शाही सवारी निकाली गई जो मुख्य रास्ते से होते हुए गणगौरी चौक पहुंची। इस दौरान महिलाओं व नवविवाहित युवतियों ने गणगौर व ईसर का पूजन किया। कुवे के फेरे लगाने के बाद मिट्टी से बनी गणगौर का नगर पालिका के सामने स्थित कुएं पर विसर्जन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में कस्बे के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सरदार हरलाल सिंह की 44वीं पुण्यतिथि पैतृक गांव हनुमानपुरा में मनाई

जयशंकर जागिंड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी के शेर कहे जाने वाले सरदार हरलाल सिंह की 44वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा स्थित स्मारक स्थल पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेश खादीवाला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरदारजी का योगदान सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहा, जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण लोग पढ़ाई कर आगे बढ़ पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन के साथ-साथ समाज को जागरूक करने में भी सरदार हरलाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व सरपंच हरफूलसिंह दूलड़ ने सरदार हरलाल सिंह के साथ रहने के दौरान अनेक स्मरणों की चर्चा करते हुए सामाजिक विकास में सरकार हरलालसिंह के महत्पूर्व योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सेवदा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदारजी ने सभी जातियों को साथ लेकर चलने, छूआछूत व मृत्युभोज जैसी कुरूतियां का त्याग भी वर्ष 1925 में करवा दिया था। इस तरह के महान लोग धरती पर सैकड़ों वर्षो में एक-दो ही पैदा होते है। इसके अलावा कार्यक्रम में पूर्व सरपंच फूलसिंह, प्रदीप, एडवोकेट विजयपाल दूलड, शिशुपाल नारनोलिया, सुनिल दूलड़, प्रशांत, मनोज, धर्मपाल, अशोक, सुबोध, सुरेश, रोहिताश, भूपेन्द्र, श्रीराम सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा एवं ग्रामीण जनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सरदार हरलाल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में मनीराम सेवदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लोहार्गल के श्री मिनेष भगवान मंदिर में मीणा समाज के आराध्य देव मत्स्य भगवान का जयंती समारोह, धूम-धाम से मनाया

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** तीर्थराज लोहार्गल स्थित श्री मीन भगवान मंदिर एवं मीणा धर्मशाला में शनिवार को आदिवासी मीणा समाज के आराध्य देव मत्स्य भगवान जयंती समारोह धर्मशाला एवं मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा की अध्यक्षता में धूम-धाम से मनाया गया स जयंती कार्यक्रम में समाज के सरदारों ने धर्मशाला एवं मंदिर के कायाकल्प के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए स शादी विवाह समारोह एवं कई मांगलिक कार्यक्रमों की रस्मों में समाज के लोग लोहागर्ल में धर्मशाला के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग राशि देंगे स इसके लिए गांवो में संपर्क कर लोगों को जागरूक किया जाएगा स भामाशाहों से संपर्क करके धर्मशाला की दूसरी मंजिला भवन को तैयार करवाया जायेगा स मुख्य द्वार एवं धर्मशाला के रंग-रोगन एवं रख-रखाव का कार्य किया जाएगा स मौके पर धर्मशाला के रख-रखाव के लिए 50,000 का सहयोग जुटा लिया गया है स आगामी समय में जल्द ही धर्मशाला में समाज का एक महाकुंभ किया जाएगा, जिसमें सीकर-झुंझुनू-चूरू के अलावा प्रदेश के सेवाभावी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष मोहन मीणा नांगल ने पटल के ऊपर पुराना लेखा-जोखा समाज के बीच रखा। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आराध्य देव मत्स्य भगवान की विधिवत पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए स वक्ताओं ने कहा कि मत्स्य भगवान विष्णु भगवान के प्रथम अवतार हैं, ये चतुर्वेद की रक्षा के लिए अवतरित हुए थे स आदिवासी मीणा समाज का उद्गम इन्हीं से हुआ था स इस अवसर पर मीणा समाज पूर्व जिला अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा उदयपुरवाटी, आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा, मीणा समाज के महामंत्री प्रकाश मीणा गुडा, लोहागर्ल के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बोसाना, ताराचंद मीना सीकर, महामंत्री एडवोकेट अशोक मीणा उदयपुरवाटी, प्रभाती लाल उदयपुरवाटी, सोनाराम उदयपुरवाटी, मोहन मीणा नांगल, बचना राम मीणा नांगल, दिनेश मीणा उदयपुरवाटी, मुकेश मीणा उदयपुरवाटी, पूर्व बैंक मैनेजर सत्यनारायण मीणा पापड़ा, सेंटर स्कूल दिल्ली के पूर्व प्रिंसिपल रूडमल मीना पचलंगी, मक्खन लाल मीना सिंगनोर, सुमेर मीणा, बिरजू मीना जोधपुरा, महावीर मीणा पापड़ा, दिनेश कुमार गुड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# जाखल गौशाला में गौमोक्ष धाम का भूमि पूजन व यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण आज

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में गौमोक्ष धाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह 22 मार्च रविवार को दोपहर 2:15 बजे गौशाला परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में नवलगढ़ के विधायक विक्रम सिंह जाखल मुख्य अतिथि रहेंगे। इस अवसर पर गौशाला के निकट भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया के आर्थिक सहयोग से बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसके अलावा सौंथलिया द्वारा गौशाला को एक पेयजल टैंकर भेंट किया जाएगा। साथ ही सौंथली गौशाला के लिए एक गौ ग्रास सेवा रथ भी भेंट किया जाएगा, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। गौशाला समिति के अनुसार गौ मोक्ष धाम के निर्माण से गौशाला में आश्रित गौवंश को जीवनभर सेवा के साथ-साथ अंतिम समय में भी सम्मानपूर्वक विदाई देने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

# अवैध शराब के साथ 3 गिरफ्तार, एक फरार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बरामद कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। थानाधिकरी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भोजलाई चैराहे से पीसीबी स्कूल जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। यहाँ पुलिस ने नंदलाल पुत्र दुलाराम, निवासी सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड के कुल 171 पव्वे सादा देशी शराब बरामद किए। इसी प्रकार सब इंस्पेक्टर पप्पूराम की टीम ने भारत हॉस्पिटल के पास दबिश देकर हनुमान सिंह पुत्र देवी सिंह, निवासी जुलियासर को गिरफ्तार कर 41 पव्वे अवैध देशी शराब जब्त की है। एसआई रामस्वरूप की टीम ने भोजलाई बास क्षेत्र में हेमराज पुत्र ओमाराम, सुजानगड़ को संदिग्ध लगने पर रूकवाया, लेकिन वह हाथ का थैला छोड़कर भाग गया। पुलिस ने थैले में से 72 पव्वे अवैध देशी शराब के बरामद किए हैं। इसी प्रकार एएसआई तेजाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाथो तालाब, महावीर विद्या मंदिर के पास गश्त और नाकाबंदी की। मोटरसाइकिल सवार राजेश पुत्र बंशीलाल, सुजानगढ़ को संदिग्ध पाए जाने पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो कार्टन में कुल 96 पव्वे अवैध सादा देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# एक करोड़ की फिरौती के लिए आईटी कंपनी मालिकों का अपहरण

## एक करोड़ की फिरौती मांग कर ग्यारह घंटे बाद छोड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना क्षेत्र में आईटी कंपनी के दो मालिकों के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने यूएसडीटी क्रिप्टो में निवेश के नाम पर बुलाकर दोनों को अपहरण कर लिया और परिजनों से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी के चलते करीब ग्यारह घंटे बाद बदमाश दोनों को छोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी गुर भूपेन्द्र सिंह के अनुसार जगतपुरा निवासी राहुल और दिनेश मानसरोवर स्थित इस्कॉन मंदिर के पास आईटी कंपनी संचालित करते हैं। 19 मार्च की शाम उन्हें कॉल कर यूएसडीटी में निवेश का झांसा दिया गया और मिलने के लिए बुलाया गया। शाम करीब 7 बजे पहुंचते ही 6-7 नकाबपोश बदमाशों ने दोनों को कार में बैठाकर अगवा कर लिया। बदमाशों ने अपहृत युवकों के मोबाइल से परिजनों को कॉल कर 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी और पैसे लेकर गोनेर बुलाया। सूचना मिलते ही पुलिस ने कंट्रोल रूम के जरिए सक्रियता दिखाते हुए बदमाशों का पीछा शुरू किया।

आरोपी गोनेर, हिंगोनिया गौशाला, इंदिरा गांधी नगर, खो नागोरियान, कानोता और बस्सी होते हुए नायला व जामडोली के जंगलों में घूमते रहे। लगातार पुलिस दबाव के चलते बदमाश शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे दोनों को गलता के जंगल में कार सहित छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से कार जब्त कर ली है और एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। जांच में सामने आया कि वारदात में प्रयुक्त कार मानसरोवर की एक रेंटल कंपनी से ली गई थी। सीसीटीवी फुटेज और कार में लगे जीपीएस के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

# राजलदेसर में गणगौर की निकली सवारी, सुभाष चौक पर भरा मेला



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे के सुभाष चौक में गणगौर का मेला धूमधाम से भरा गया। गणगौर-ईशर की निकली सवारी। गौर-ईशर का विधि विधान से फेरा का आयोजन हुआ महिलाओं ने गौर माता के दर्शन करके देश में खुशहाली की कामना की। इसी प्रकार बस स्टैंड पर अस्थाई तौर पर खाने-पीने की बच्चों के खिलौने की दुकान भी लगाई गई लेकिन सलेंडर की कमी के कारण कचौरी पकौड़ी की दुकानें नजर नहीं आयी। महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीदारी की साथ ही घर-घर भी गौर माता का पूजन किया गया जिसमें सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। वही कन्याओं ने 16 दिन की पूजा अर्चना करके अपने परिवार की उन्नति के लिए गौर माता से आशीर्वाद लिया साथ ही नव विवाहिताओं के घरों में उद्यापन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस स्टैंड पर महिलाओं की अत्यधिक भीड़ देखने को मिली। इस गणगोर का विसर्जन किया जाएगा।

# खेतड़ी के कृष्णनगर में राजकीय स्कूल भवन का हुआ शिलान्यास, 4.13 करोड़ की लागत से होगा भवन का निर्माण

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के श्रीकृष्णनगर में राजकीय स्कूल भवन के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से पूजन कर नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि गांव में स्कूल भवन नहीं होने से यहां के बच्चों को शिक्षा के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने समस्या से अवगत करवाने पर राज्य सरकार ने 4 करोड़ 13 लाख 65 हजार रुपए स्वीकृत कर नवनिर्मित भवन बनाया जाएगा। उन्होंने खेतड़ी विधानसभा का पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां पेयजल की सबसे बड़ी समस्या सामने आ रही है। पूर्व में खेतड़ी को कुंभाराम नहर परियोजना से जोड़ा गया था, लेकिन अधिकांश गांवों में आज तक पानी ही नहीं पंहुचा है। राज्य सरकार की ओर से शेखावाटी के लिए यमुना नहर का पानी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। झुंझुनू जिले में पेयजल स्थिति को देखते हुए उन्होंने विधानसभा में यमुना का पानी खेतड़ी क्षेत्र के खाली पड़े बांधों में डालने की मांग उठाई है। नवीन राजकीय विद्यालय भवन का विधिवत भूमिपूजन व शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिक्षा केवल साक्षरता का साधन नहीं, बल्कि वह प्रकाश पुंज है जो अज्ञानता के तिमिर को हर कर समाज को प्रगति के पथ पर प्रशस्त करती है।

यह आधारशिला मात्र एक भवन की शुरुआत नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य और उनके संकल्पों की नींव है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, सुरेंद्र काजला, महेंद्र काजला, एडवोकेट महेंद्र छावड़ी, राजपाल, सुरेश, हरिराम, सुरेंद्र, बबलू अवाना, प्रभू गुर्जर, रोहिताश गुर्जर, संतराम, अशोक, सूरजभान, रामसिंह, नरेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# प्रदेश सैनिक कल्यांण विभाग निदेशक का पिलानी में सम्मान



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** प्रदेश सरकार के सैनिक कल्यांण विभाग निदेशक का कस्बे में नागरिक अभिनन्दन शनिवार को किया गया। 6 जाट रेजिमेंट के सेवा निवृत सैनिकों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन कस्बे के सनसाईन में हुआ। उपस्थित को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के सैनिक कल्याण विभाग निदेशक ब्रिगेडियर सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने विभाग द्वारा पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा शहीद परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया। ब्रिगेडियर सुरेंद्र सिंह शेखावत ने उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा अपने सेवा काल में देश की रक्षा करने में दिखाई गई बहादुर के सराहना करते हुए भारतीय सेवा को देश का गौरव बताया उन्होंने उपस्थित सैनिकों का आह्वान किया कि किसी भी सैनिक परिवार कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह इसकी निदान के लिए तत्पर रहेंगे इससे पहले कप्तान महेन्द्र सिंह कोठारी, फतेह सिंह, सुमेर सिंह सिहाग, राजवीर सिंह, शीशराम भगीणा एवं धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ब्रिगेडियर सुरेन्द्र सिंह शेखावत का 6 जाट रेजिमेंट की ओर से अभिनन्दन किया गया। रोहिताश सिंह रणवा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कुलदीप डांगी, विनोद पटवारी, सुरेन्द्र लाम्बा, मनोज कुमार, श्याम प्रकाश, मोजीराम, महासिंह सहित ने 6 जाट रेजिमेंट में अपनी सेवा काल के गौरवशाली पलों पर चर्चा करते हुए उपस्थित को पुरानी यादों से जोड़ा। कार्यक्रम में उमराव पूनियां, केपी नेहरा, सतवीर सिंह, रोहिताश सिंह, हवा सिंह कोच, अमरचंद खेदड़ सहित हरियाणा, उतरप्रदेश, दिल्ली तथा राजस्थान के विभिन्न भागों से 6 जाट रेजिमेंट से जुडे पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

# पीसीपी में जेईई व नीट के नये बैच 23 मार्च से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित आईआईटी-जेईई एवं नीट कोचिंग संस्था पीसीपीए प्रिंस में क्लास 11, 12 एवं 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु आईआईटी-जेईई एवं नीट के नये बैच 23 व 25 मार्च से शुरू हो रहे हैं। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि शिक्षा नगरी सीकर से फिर से ऑल इंडिया रैंकर्स देने की मुहिम के साथ स्पेशलाइज्ड फैकल्टी टीम द्वारा इन बैचों में डिटेल्ड स्टडी प्लान के अनुसार निर्धारित समय पर सिलेबस, टेस्ट सीरीज एवं रिवीजन होगा। विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं प्राप्त अंकों या पीसेट टेस्ट के माध्यम से शिक्षण शुल्क में 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का भी प्रावधान रखा गया है।

इसी प्रकार कक्षा 6 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूलिंग के साथ ही ओलंपियाड्स की तैयारी के प्री फाउंडेशन बैच 1 अप्रैल से प्रारंभ होंगे।

# बुगाला में गूंजा गणगौर का उत्साह, पारंपरिक साज-सज्जा के साथ निकली सवारी



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में गणगौर पर्व के अवसर पर शनिवार को पारंपरिक धूमधाम के साथ गणगौर की सवारी निकाली गई। जिसमें महिलाओं व युवतियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सिर पर सजे कलश और गणगौर माता की प्रतिमाओं के साथ भाग लिया, जिससे पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो उठा। दातार सिंह शेखावत ने बताया कि इस बार सवारी महालसिंह शेखावत के घर से निकाली गई जो प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों की धुन पर महिलाएं नाचती-गाती नजर आईं। छोटी बालिकाएं भी पारंपरिक परिधानों में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस दौरान घर-घर पर रंगोलियां बनाई गईं। ग्रामीणों ने बताया कि गणगौर पर्व सुहाग और समृद्धि का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

सवारी के समापन पर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# पक्षी संरक्षण आज के युग की महत्ती आवश्यकता : साध्वी ऊषा कुमारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में जैन संत आचार्य चंदन मुनि के साधना स्थली अर्हम आश्रम के सभागार में नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी ताल छापर के तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस पर घौंसला वितरण और विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि संघ प्रवर्तनी साध्वी ऊषा कुमारी के सान्निध्य में इस आयोजंन में बर्ड फीडर, लकड़ी और मिट्टी के गौरैया संरक्षण हेतु घौंसले वितरित किये गये। आश्रम में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने गौरैया प्रजनन हेतु घौंसले तथा बर्ड फीडर लगाए। पूर्व क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभुदान सामौर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम के संयोजक पार्थ सोनी ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता साध्वी कुसुम रेखा ने कहा कि पक्षी प्रकृति का श्रृंगार हैं। हमारे जीवन चक्र में इनकी उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि चैरासी लाख जीव योनियों को भोगता हैं। हमें पक्षियों के अद्भुत संसार से बहुत कुछ सीखना चाहिए। साध्वी प्रियदर्शना ने कहा कि मनुष्य इतना स्वार्थी हैं जो अपने हित के लिए सभी का बुरा कर देता है। मनुष्य पर संकट आने का कारण प्रकृति का अनाधिकृत दोहन है। संघ प्रवर्तनी साध्वी ऊषा कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पक्षी संरक्षण आज के युग की महत्ती आवश्यकता हैं। हमें इनके संरक्षण के लिए जितना प्रयत्न किया जा सकता है, उतना करना चाहिए। मुख्य वक्ता संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि प्रत्येक घर में गौरैया का एक घर होना चाहिए। गौरैया बहुत ही महत्वपूर्ण पक्षी है जिनके संरक्षण के लिए संस्था प्रयास कर रही हैं। संगोष्ठी में डॉ. सुनीता राज सोनी, सुप्रीम फाउण्डेशन के धर्मचंद प्रजापत, सर्प मित्र महेश कुमार धर्ड व मुकेश धाणक ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन संयोजक पार्थ सोनी और शंकरलाल सारस्वत ने किया। इस अवसर पर किशोर सैन, ओमप्रकाश गोस्वामी, भागीरथराम आईतान, लिछमा देवी, नेमीचंद प्रजापत, जगदीश स्वामी, पवन स्वामी, महावीर स्वामी, विमल नायक, दिलीप यादव, रोहित यादव, कुमकुम आदि उपस्थित रहे।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का पर्व

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शहर में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य नमाज शहर की ईदगाह मस्जिद पर सवा 8 बजे पढ़ी गई। शहर काजी मोहम्मद अकरम रिजवी ने नमाज अदा करवाई। नमाज पढ़ने के बाद हजारों लोगों ने मुल्क में अमन, चैन, शांति के लिए दुआ की। वहीं हजारों लोगों ने खुदा की बारगाह में हाथ फैलाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी और माहे रमजान की तरह बाकी जिंदगी गुजारने की मंशा जाहिर की। दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। विधायक मनोज मेघवाल, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक, सिराज खान कायमखानी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रहलाद जाखड़, पवन माहेश्वरी, गणेश मंडावरिया, रामचंद्र, बजरंग सेन, रफीक खिची, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप तोदी, धनराज, कन्हैयालाल, नूर मोहम्मद खान, हंसराज तंवर, अयूब नसवान, साबिर अली चैहान, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, इकबाल खान कायमखानी, इस्माइल खान, अमजद खान, साकिर खान बैसवा, समीर खोखर, मासूम अली सहित अनेक लोगों ने नमाज के बाद लोगों को ईद की बधाई दी। एहतियात के तौर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी व्यवस्थाओं में तैनात रहा। दूसरी ओर घरों में मीठे पकवान बने और लोगों ने खूब हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई।

# एसकेआईटी में पांच दिवसीय डेवऑप्स प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान एसकेआईटी, जयपुर के संगणक विज्ञान एवं अभियंत्रण विभाग द्वारा सिस्टलैब्स सर्विसेज के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय उद्योग उन्मुख डेवऑप्स प्रशिक्षण कार्यशाला डेवऑप्स इन एक्शन: आधुनिक अनुप्रयोगों का निर्माण एवं परिनियोजन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला 17 मार्च से 21 मार्च, 2026 तक आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डेवऑप्स उपकरणों एवं प्रौद्योगिकियों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके तकनीकी कौशल का विकास करना था। कार्यशाला के दौरान उद्योग विशेषज्ञों द्वारा लिनक्स, गिट, सीआईध्सीडी पाइपलाइन, क्लाउड प्लेटफॉर्म, कंटेनरीकरण तथा स्वचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

# रिफ्रेम योर रिलेशनशिप विषय पर संवाद सत्र का आयोजन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** अग्रोहा जयपुर की ओर से रिफ्रेम योर रिलेशनशिप विषय पर चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें दंपत्तियों को अपने रिश्तों को नए नजरिये से समझने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में अग्रोहा जयपुर के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि अग्रोहा जयपुर ऐसे आयोजनों के माध्यम से बिजनेस नेटवर्किंग के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को भी मजबूत बनाने का काम कर रहा है। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट तन्मय जिंदल और सेक्रेटरी सीए नितेश अग्रवाल ने सभी मेहमानों और सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध लेखक, कोच और टेड्स स्पीकर डॉ. शंकर गोयनका ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, रिश्तों में दिक्कतें प्यार की कमी से नहीं, बल्कि नजरिये के फर्क से आती हैं। उन्होंने आसान उदाहरणों के जरिए समझाया कि अगर हम चीजों को देखने का तरीका बदल लेंए तो रिश्ते अपने आप बेहतर होने लगते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सही संवाद, छोटी-छोटी समझ और सकारात्मक सोच से पति-पत्नी के रिश्ते और मजबूत बन सकते हैं। कार्यक्रम में 90 से अधिक लोगों सदस्यों और दंपत्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे बेहद उपयोगी और प्रैक्टिकल बताया। अंत में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स अमित बावरी, मनीष जिंदल और रितेश डालमिया ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. गोयनका का आभार व्यक्त किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 शहर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शनिवार को समाजसेवी एवं लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल की अध्यक्षता में श्याम दरबार गेस्ट हाउस में उघाटन सत्र शुरु हुआ। वर्ग के मुख्य वक्ता मुरली मनोहर शर्मा, विधानसभा प्रत्याशी राजेश दहिया पिलानी, वर्ग प्रभारी विकास शर्मा, वर्ग सह संयोजक राकेश नांदवाला, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, शहर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, राजेंद्र सौंकरिया, संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, रामस्वरूप जांगिड़, मंडल उपाध्यक्ष कविता सैनी, वीरेंद्र यादव, धर्मवीर चंदेलिया, सज्जन जांगिड़, राजपाल काजला, सत्यवीर धींवा, देवेंद्र सैनी, राजेंद्र शर्मा सहित जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190